
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज....

धुरंधर-2 में एक्शन मोड में........

वर्ष : 12 | अंक : 47 | लखनऊ, 08 फरवरी, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 2027 तक होगा पूरा



**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 2027 तक पूरा होगा। इस मार्ग से मुंबई का सफर केवल 12 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। अभी इस यात्रा में करीब 33 घंटे का समय लगता है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मार्ग की मदद से आर्थिक एकीकरण में जबरदस्त सुधार होगा।

### मुंबई में रितु तावड़े होंगी भाजपा की महापौर



**मुंबई।** भाजपा ने रितु तावड़े को मुंबई महापौर पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। मुंबई मेयर का पद खुली श्रेणी में महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है, ऐसे में साफ है कि मुंबई को एक बार फिर महिला महापौर मिलेंगी। इसी कड़ी में मुंबई में पहली बार भाजपा का महापौर बनेगा। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने नाम का एलान किया है।

### भीड़ का हिस्सा होने पर लोगों को नहीं उठा सकते



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि तुर्कमान गेट इलाके में स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास पिछले महीने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हुई पथराव की घटना में केवल भीड़ का हिस्सा होने के आधार पर पुलिस राहगीरों को नहीं पकड़ सकती। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने अग्रिम जमानत याचिका पर यह टिप्पणी की।

### मयूर विहार अब होगा श्री राम मंदिर मयूर विहार



**पूर्वी दिल्ली।** मयूर विहार इलाके के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर श्री राम मंदिर मयूर विहार कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन नेप्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। नाम बदलने से यात्रियों को स्टेशन पहचानने में आसानी होगी, बल्कि धार्मिक सांस्कृतिक पहचान बढ़ेगी।

### शरद से सलाह लेते दिखे पार्थ पवार



**मुंबई।** एक बार फिर पूरा पवार कुनबा एक साथ नजर आया। महाराष्ट्र की राजनीति के केंद्र बारामती से यह तस्वीर सामने आई है जिसमें पार्थ पवार और शरद पवार एक साथ बैठकर गुफ्तगू करते नजर आ रहे हैं। सियासी गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है। बारामती में पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर दशक्रिया के दौरान यह दिखा।

## भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर बोले 'दिग्गज'

# भारत को होंगे बड़े फायदे, निर्यात बढ़ेगा उद्योग मजबूत होंगे व रोजगार भी बढ़ेंगे


### भरोसा दिलाया-समझौते में किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों की सुरक्षा

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के लिए कई बड़े फायदे लेकर आएगा। इससे निर्यात बढ़ेगा, मजदूर-आधारित उद्योग मजबूत होंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। राजनाथ सिंह ने भरोसा दिलाया कि इस समझौते में किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी तरह सुरक्षा की गई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका के बीच यह समझौता देश की आर्थिक यात्रा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ढांचा बेहतर निवेश को आकर्षित करेगा और भारत को लंबे समय तक आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा। राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की सराहना की।

*राजनाथ ने समझौते की अंतरिम रूपरेखा की सराहना की*

देश की आर्थिक यात्रा में एक अहम कदम



### हर्षवर्धन ने बताया अहम और फायदेमंद



पूर्व विदेश सचिव और राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने समझौते को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि यह डील यूरोपीय संघ के साथ हुए बड़े समझौते के तुरंत बाद आई है, जिससे भारतीय निर्यातकों, छोटे उद्योगों, किसानों और मजदूरों को बड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे 30 ट्रिलियन डॉलर के बड़े बाजार तक भारत को बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात तेजी से बढ़ेगा। यूरोपीय संघ के साथ मिलाकर भारत को लगभग 60 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

### एफआईसीसीआई अध्यक्ष बोले आर्थिक रिश्ते और बढ़ेंगे



फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) के अध्यक्ष अनंत गोयनका ने व्यापार समझौते को दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों के लिए बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से टैरिफ कम होंगे, नियमों की जटिलताएं घटेंगी और कई सेक्टरों में नए मौके खुलेंगे। जब भारत खुद को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में मजबूत कर रहा है, तब यह समझौता और अहम हो जाता है।

### कांग्रेस बोली- हार गए हाउडी मोदी भारत को होगा नुकसान



कांग्रेस ने इसे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जीत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी हार बताया। भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि यह समझौता अमेरिका के फायदे में है और इससे भारत को नुकसान हो सकता है। जयराम ने तंज कसते हुए कहा कि नमस्ते ट्रंप जीते, हाउडी मोदी हारे। सरकार ने जो संयुक्त बयान जारी किया है, उसमें पूरी जानकारी नहीं दी गई है। पहली बात यह है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदा तो अमेरिका 25 फीसदी टैरिफ लगा सकता है। भारत अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करेगा या खत्म करेगा।

### स्पाइसजेट चेयरमैन ने बताया ऐतिहासिक



स्पाइसजेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह ने समझौते को देश के लिए ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता 'मेड इन इंडिया' ब्रांड को मजबूती देगा और भारत की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। सिंह ने इस उपलब्धि के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों के बीच देश के 140 करोड़ लोगों के हितों को प्राथमिकता देते हुए यह समझौता कराया है।

### फार्मा सेक्टर ने समझौते का किया स्वागत



इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते का स्वागत किया है। आईपीए के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा कि भारत-अमेरिका दवा साझेदारी मजबूत होना जरूरी है, क्योंकि दवा सुरक्षा देश की सुरक्षा से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि इस समझौते में जेनेरिक दवाओं को टैरिफ से छूट दी गई है। अमेरिका में फार्मास्युटिकल उत्पादों पर जांच जारी रहेगी, जो अन्य मुक्त व्यापार समझौतों जैसी ही प्रक्रिया है।

## सोनिया के वकील ने कोर्ट में कहा

# नागरिकता पर आरोप राजनीतिक साजिश, ये पूरी तरह बेबुनियाद

### अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में दावा किया कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने का आरोप लगाने वाली शिकायत राजनीतिक मकसद से और किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी।यह जवाब विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने पेश किया गया, जो 11 सितंबर, 2025 के मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें आरोप की जांच करने से इनकार कर दिया गया था। जवाब देने के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की।

### नागरिकता का मामला केंद्र व सूची ईसीआई के अधीन

मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश में राउज एवेन्यू अदालत की 'सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन' के उपाध्यक्ष वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। शनिवार को सोनिया की वकील तरन्नुम चीमा, कनिष्का सिंह और आकाश सिंह ने उनका जवाब दाखिल किया, जिसमें दावा किया गया कि आरोप पूरी तरह से गलत, बेबुनियाद, राजनीति से प्रेरित और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सही कहा कि नागरिकता के मामले पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जबकि मतदाता सूची विवाद निर्वाचन आयोग का अधिकार क्षेत्र है।

### शिकायत में ठोस दस्तावेज नहीं दिए गए

जवाब में कहा गया है कि आपराधिक अदालतें आईपीसी/बीएनएस की धाराओं की आड़ में निजी शिकायतों पर सुनवाई करके इन कामों को अपने हाथ में नहीं ले सकतीं। यह शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत के खिलाफ है और संविधान के अनुच्छेद 329 का उल्लंघन होगा, जो चुनावी प्रक्रिया में न्यायिक दखल पर रोक लगाता है। इसमें कहा गया कि शिकायत किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी और इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया गया और कहा गया कि 25 साल पहले उठाए गए विवाद को फिर से उठाया जा रहा है। जवाब में यह भी कहा गया कि शिकायत में कोई भी बुनियादी दस्तावेज नहीं दिए गए थे।

## सीबीएसई :15 दिन में री-एग्जाम होंगे

# सीटेट पेपर-2 पर बवाल, 2 केंद्रों की परीक्षा रद्द कर दी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

सीटेट पेपर-2 पेपर को लेकर परीक्षा केंद्र पर हंगामा, नाराजगी और उठते सवालों के बीच अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने तस्वीर साफ करने की कोशिश की गई है। बोर्ड ने बताया है कि देशभर में परीक्षा लगभग पूरी तरह सफल रही, लेकिन वैशाली के 2परीक्षा केंद्रों पर हालात काबू से बाहर हो गए। बोर्ड ने कहा कि देशभर में बनाए गए 1803 परीक्षा केंद्रों में से 1801 केंद्रों पर परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई।



### संशोधित कार्यक्रम जल्द देंगे

इन दोनों केंद्रों पर परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण आयोजित नहीं हो पाई। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि इन केंद्रों पर जिन उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था, उनके लिए री-एग्जामिनेशन 15 दिनों के भीतर कराया जाएगा।

## बरसाना जाने वालों के लिए अच्छी खबर

# अब राधारानी के दर्शन के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लंबी लाइन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

यहां के राधारानी मंदिर में दर्शन करने आने वाले लाखों भक्तों के लिए अच्छी खबर है। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने भीड़ कंट्रोल करने के लिए एक नई और प्रभावी प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। होली के बाद, सुचारू और सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रवेश मार्गों पर निःशुल्क टोकन-आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी। अब भक्तों को एक व्यवस्थित टोकन सिस्टम के माध्यम से ही लाडली जू



के दर्शन प्राप्त हो सकेंगे। इस व्यवस्था के तहत, मंदिर परिसर के भीतर स्पेशल काउंटर तैयार किए जाएंगे जहां भक्तों को निःशुल्क टोकन दिए जाएंगे। दर्शन की अनुमति इन टोकन नंबरों के अनुसार ही दी जाएगी। यह सिस्टम उन सभी श्रद्धालुओं पर लागू होगा जो सीढ़ियों, रोपवे या परिक्रमा मार्ग के जरिए मंदिर पहुंचेंगे।

शुक्रवार देर रात की गई गिफ्तारी

# नहीं मिली पप्पू यादव को जमानत, 2 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा

## राहुल और प्रियंका उनके समर्थन में उतरे

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पूर्णिया बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय लोकसभा सांसद पप्पू यादव को आधी रात में गिरफ्तार किया गया था। अब कोर्ट ने उन्हें दो दिनों की न्यायिक हिरासत पर भेज दिया है। उनकी जमानत पर अब सोमवार को सुनवाई होगी। यादव को पटना पुलिस ने 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार किया था। यादव फिलहाल पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती रहेंगे। एमपी-पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### सरकार का रवैया खौफनाक दिख रहा





लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, पटना में नीट की आकांक्षी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है। पीड़ित परिवार ने जब निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की, तो वही पुराना भाजपा-एनडी मॉडल सामने आ गया – केस को भटकाओ, परिजनों को प्रताड़ित करो और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण दो। सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे, बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

# न पावर चाहिए, न पॉपुलैरिटी.... दुनिया देख रही काम

### वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसके उपलक्ष्य में शनिवार को मुंबई के वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस आयोजन का नाम 'मुंबई व्याख्यानमाला' है। इसमें देश के नामचीन लोगों के शामिल होने की सभावना है। शाम 4 बजे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंच से संबोधन दिया। इस अवसर पर वे 'संघ यात्रा के 100 वर्ष- नए क्षितिज' विषय पर अपने विचार रखे। भागवत ने कहा कि संघ का काम एक अनोखा काम हैं. पूरी दुनिया में ऐसा काम नहीं हैं. संघ को देखने के लिए देश विदेश से लोग आते हैं। संघ को पब्लिसिटी, पावर या पॉपुलैरिटी नहीं चाहिए।



### संघ हमेशा देश की गतिविधियों के केंद्र में रहा

देश के गतिविधियों के केंद्र में संघ का नाम आता हैं, इसलिए वे देखने आते हैं। हमारी जवान पीढ़ी में ऐसा कुछ करने की इच्छा हैं , ये पद्यति आप हमको सीखा सकते है क्या? संघ को ऊपर से और दूर से देखेंगे तो भी गलतफहमी होती हैं। संघ के स्वयंसेवकक रूट मार्च करते हैं, लेकिन संघ पैरामिलिटरी आर्गेनाइजेशन नहीं हैं।

### संघ राजनीतिक पार्टी नहीं

संघ के स्वयंसेवक राजनीति में भी हैं, लेकिन संघ राजनीतिक पार्टी नहीं हैं। इसलिए संघ को जानना है, तो संघ को अंदर से आ कर देखना होगा। संघ का काम पूरे देश के लिए हैं। संघ किसी दूसरे संगठन के कंपटीशन में निकला नहीं हैं। संघ किसी के विरोध में नहीं है।

### संघ पैरामिलिट्री संगठन या पॉलिटिकल पार्टी नहीं

भागवत ने भाषण में कहा कि आरएसएसन तो कोई पैरामिलिट्री संगठन है और न ही कोई पॉलिटिकल पार्टी। संघ से जुड़े लोग भले ही पॉलिटिक्स में एक्टिव हों, लेकिन संगठन खुद पॉलिटिकल नहीं है। यह कोई रिएक्शनरी संगठन भी नहीं है। संघ किसी के खिलाफ नहीं है। संघ हर धर्म का सम्मान करता रहा है। सभी लोग अपने धर्म के पालन के लिए स्वतंत्र हैं। संघ के कार्यक्रम को आप यहां देख सकते हैं। इस कार्यक्रम में साधु-संत के साथ-साथ कई गणमान्य जुटे रहे।

## नागौर से सामने आया अनोखा मामला

# ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन ले उड़ा कबूतर, गले में डाला

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

राजस्थान के नागौर जिले से सामने आया एक अनोखा और हैरान करने वाला मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। यहां एक कबूतर ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन चोंच में दबाकर उड़ गया और कुछ ही देर बाद उसे अपने गले में डालकर बैठा नजर आया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक ओर देशभर में सोने-चांदी के भावों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, वहीं नागौर से सामने आए इस वीडियो ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 'सोने की चेन पहने कबूतर' की इस अनोखी तस्वीर ने न सिर्फ सर्राफा कारोबारियों बल्कि आम लोगों को भी चौंका दिया है। यह वायरल वीडियो नागौर जिले के डेगाना कस्बे का है। बाजार में स्थित एक ज्वेलरी शॉप पर रोज की तरह सोने के आभूषण तैयार किए जा रहे थे। दुकान के काउंटर पर कारीगर सोने की चेन पर काम कर रहे थे।



# होली पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए चलेंगी 285 स्पेशल ट्रेनें



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** रेल यात्रियों के लिए होली से पहले बड़ी राहत की खबर है। रेलवे ने होली पर्व के मौके पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए विशेष तैयारी शुरू कर दी है. भारतीय रेलवे इस बार होली के दौरान बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाने जा रहा है, ताकि यात्रियों को आने-जाने में परेशानी न हो और कंफर्म टिकट आसानी से मिल सके. रेलवे ने बताया है कि होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 1 मार्च से 22 मार्च के बीच कुल 1410 होली स्पेशल ट्रेन ट्रिप चलाए जाएंगे। इसमें पूर्व मध्य रेल की ओर से 285 होली स्पेशल ट्रेन ट्रिप का परिचालन किया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने और आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। होली के समय अक्सर ट्रेनों में भारी भीड़ हो जाती है, ऐसे में अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**कई राज्यों के लिए चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें :** रेलवे ने कुछ प्रमुख होली स्पेशल ट्रेनों की सूची टाइम टेबल के साथ जारी की है। इनमें कई ट्रेनें बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ेंगी. पहली ट्रेन गाड़ी संख्या 09821/09822 सोगरिया (कोटा) से दानापुर के बीच चलाई जाएगी. यह ट्रेन 28 फरवरी और 7 मार्च को सोगरिया से रात 11.10 बजे रवाना होकर अगले दिन दानापुर पहुंचेगी. वापसी में यह ट्रेन 2 मार्च और 9 मार्च को दानापुर से चलेगी। दूसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 01667/01668 रानीकमलापति से दानापुर के बीच चलेगी. यह ट्रेन 27 फरवरी और 2 मार्च को रवाना होगी और वापसी में 28 फरवरी और 3 मार्च को चलेगी. तीसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 01665/01666 रानीकमलापति से अगरतला के बीच चलाई जाएगी. यह ट्रेन 5 मार्च से हर गुरुवार को चलेगी और वापसी में 8 मार्च से हर रविवार को परिचालित होगी।

**रेलवे ने कुछ ट्रेनों की टाइम टेबल के साथ सूची जारी की :** चौथी ट्रेन गाड़ी संख्या 09525/09526 हापा से नाहरलगुन के बीच चलेगी. यह ट्रेन 4 मार्च से प्रत्येक बुधवार को चलेगी और वापसी में 7 मार्च से प्रत्येक शनिवार को परिचालित होगी. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की सही जानकारी प्राप्त कर लें. यात्री रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर या नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम वेब पोर्टल और मोबाइल एप के जरिए अपडेट ले सकते हैं. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि होली स्पेशल ट्रेनें चलने से यात्रियों को त्योहार के दौरान यात्रा में सुविधा होगी और टिकट कंफर्म होने की संभावना बढ़ जाएगी।

## तीन अमृत भारत एक्सप्रेस समेत 22 ट्रेनों का समय बदला

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** परिचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रेलवे ने तीन अमृत भारत एक्सप्रेस सहित 22 ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। पूर्वोत्तर रेलवे ने बुधवार को इन ट्रेनों की सूची भी जारी की है। हालांकि, यह बदलाव सिर्फ ट्रेनों के खुलने वाले स्टेशनों पर ही किया गया है। 12 ट्रेनों के गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचने के समय में फरवरी के विभिन्न तारीखों से तो 10 ट्रेनों के खुलने के समय में अप्रैल के विभिन्न तिथियों से बदलाव होगा। इनमें दरभंगा से खुलने वाली ट्रेनें अधिक हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे के अधिसूचना के अनुसार, दरभंगा से 01 अप्रैल से खुलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, दरभंगा से सुबह 08.20 के बदले सुबह 08.15 बजे खुलेगी। वहीं, 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्स, दरभंगा से शाम 05.20 के बदले शाम 05.15 बजे खुलेगी। 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्स, जयनगर से सुबह 07.20 के बदले सुबह 07.15 खुलेगी। 15279 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल एक्स, सहरसा से सुबह 11.35 के बदले सुबह 11.30 बजे चलेगी।

अमृतसर जाने वाली सरयु यमुना पांच मिनट पहले खुलेगी : 02 अप्रैल से 15557 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस, दरभंगा से दोपहर तीन के बदले 02.55 बजे खुलेगी। 03 अप्रैल 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, दरभंगा से अहले सुबह 04.30 बजे के स्थान पर 04.20 बजे खुलेगी। 03 अप्रैल से 14649 जयनगर-अमृतसर सरयु यमुना एक्सप्रेस, जयनगर से सुबह 07.20 बजे के बदले सुबह 07.15 बजे खुलेगी। 04 अप्रैल से 15561 दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस, दरभंगा से दोपहर तीन के बजाए पांच मिनट पहले 2.55 बजे खुलेगी। 05 अप्रैल से 19624 दरभंगा-मदार अमृत भारत एक्सप्रेस, दरभंगा से दोपहर 02.15 के बदले 02.10 बजे खुलेगी। 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस, सहरसा से निर्धारित समय 03.05 के स्थान पर तीन बजे प्रस्थान करेगी।



### इन ट्रेनों के गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने का समय बदला

- 11033 पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस सुबह 07.10 बजे दरभंगा
- 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस सुबह 09.35 बजे दरभंगा
- 12212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस सुबह 03.10 बजे दरभंगा
- 15552 वाराणसी सिटी-दरभंगा एक्स. रात 09.05 बजे दरभंगा
- 19165 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस शाम 7.25 बजे दरभंगा
- 19623 मदार-दरभंगा अमृत भारत रात 12.55 बजे दरभंगा
- 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस रात 12.45 बजे जयनगर
- 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस रात 12.45 बजे जयनगर
- 11061 एलटीटी-जयनगर एक्सप्रेस रात 2.10 बजे जयनगर
- 15268 एलटीटी-रक्सौल एक्सप्रेस सुबह 7.50 बजे रक्सौल
- 14016 आनन्द विहार-रक्सौल एक्स. रात 10.10 बजे रक्सौल
- 15280 आनन्द विहार-सहरसा एक्स. शाम 7.25 बजे सहरसा

## आईआरसीटीसी करायेगा केरल की वादियों की सैर

**लखनऊ।** अगर आप मार्च के महीने में केरल की हसीन वादियों की सैर करना चाहते हैं तो इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) आपके लिए एक बेहतरीन हवाई टूर पैकेज लॉन्च कर रहा है। अमेजिंग केरल के नाम से यह हवाई टूर पैकेज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से संचालित होगा। यह पैकेज 06 रात एवं 07 दिन का है। जिसमें पर्यटको कोच्चि, मुन्नार, थेक्कडी, कुमारकोम, त्रिवेंद्रम का भ्रमण कराया जाएगा. बता दें कि यह टूर पैकेज 22 मार्च से 28.03.26 तक चलाया जा रहा है।

**टूर पैकेज की विशेषताएं :** इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से कोच्चि जाने एवं त्रिवेंद्रम से लखनऊ आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। इसके साथ ही खान -पीन एवं ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल में की गई है। यात्रा के दौरान कोच्चि किला, चीयापारा झरना, पुनरजानी सांस्कृतिक कार्यक्रम, एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान, कुंडला बांध झील, मेट्टुपेट्टी बांध, इको पॉइंट, चाय संग्रहालय, पेरियार वन्यजीव अभयारण्य, मसाला बागान, श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर और कोवलम समुद्र तट आदि का भ्रमण कराया जाएगा।

**जानिए कितना होगा किराया:** इस टूर पैकेज के लिए एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 78000/-, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 55200/-, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 52400/-, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य रू. 45900/-, बेड सहित एवं मूल्य रू. 39500/- बिना बेड के होगा।

**इस तरह करें बुकिंग :** इस टूर पैकेज के संदर्भ में आईआरसीटीसी उत्तरी क्षेत्र के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी. साथ ही इस यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।

## विभूति एक्सप्रेस समेत 5 जोड़ी ट्रेनों का घटेगा किराया, हटाया जायेगा 'सुपरफास्ट' का टैग

**लखनऊ।** यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। प्रयागराज रामबाग से हावड़ा जाने वाली विभूति एक्सप्रेस और हावड़ा-कालका मार्ग पर चलने वाली प्रसिद्ध नेताजी एक्सप्रेस सहित पांच जोड़ी महत्वपूर्ण ट्रेनों का किराया घटने जा रहा है। यानी इन ट्रेनों में निर्धारित दूरी के लिए यात्रियों को जेब से कम पैसे खर्च करने पड़ेंगे। ऐसा होगा एक नए बदलाव से।

दरअसल रेलवे पांच जोड़ी ट्रेनों से "सुपरफास्ट" का तमगा हटा रहा है। जिसके कोरण अप्रैल माह से इन ट्रेनों को सामान्य एक्सप्रेस के रूप में चलाया जाएगा, जिसका सबसे बड़ा लाभ यात्रियों को घटे हुए किराये के रूप में मिलेगा। सुपरफास्ट सरचार्ज हटने से अब यात्रियों को सभी श्रेणी के टिकटों के लिए कम भुगतान करना होगा।

दरअसल, इन ट्रेनों के अत्यधिक ठहराव को लेकर यात्री लंबे समय से शिकायत कर रहे थे। यात्रियों का तर्क था कि अधिक स्टेशनों पर रुकने के कारण ये ट्रेनें सामान्य एक्सप्रेस जितना ही समय ले रही हैं, फिर भी "सुपरफास्ट" श्रेणी में होने की वजह से किराया ज्यादा वसूला जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर, विभूति एक्सप्रेस वर्तमान में 31 और नेताजी एक्सप्रेस 38 स्टेशनों पर रुकती है। इसी विसंगति को दूर करने के लिए रेलवे ने अब उपासना, कुंभ और हिमगिरि एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों को भी इस सूची में शामिल करते हुए इन्हें सामान्य श्रेणी में वापस डालने का फैसला किया है। इस बदलाव के साथ ही ट्रेनों की पहचान यानी उनके नंबर भी बदल जाएंगे। अब ये गाड़ियां अपने पुराने 12 नंबर की सीरीज को छोड़कर 13 नंबर की नई सीरीज के साथ पटरी पर उतरेंगी।

यह नई व्यवस्था 13 से 16 अप्रैल के बीच लागू होगी। हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस 13 अप्रैल से नए नंबर 13051 के साथ चलेगी, जबकि विभूति एक्सप्रेस 14 अप्रैल से 13048 बनकर प्रयागराज रामबाग से रवाना होगी। इसी तरह उपासना, कुंभ और हिमगिरि एक्सप्रेस भी मध्य अप्रैल से नए स्वरूप और सस्ते किराये के साथ अपनी सेवाएं देंगी।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने की सहभागिता

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बाबा एजुकेशनल सोसाइटी चिनहट में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए सभी प्रतिष्ठित वक्ताओं की उपस्थिति रही। प्रो. (डॉ) अर्चना चौहान ने बताया की सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. देवाशीष शुक्ला, परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा देश-विदेश से आए वक्ताओं द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की थीम का औपचारिक अनावरण भी किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. देवाशीष शुक्ला ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को वर्तमान समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।



इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सार्थक दवे (एमबीबीएस, एमडी, मनोचिकित्सक) संबंधित सामाजिक चुनौतियों तथा डिजिटल युग में सोशल मीडिया के प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कॉलेज के संरक्षक डायरेक्टर आरके वाजपेयी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल एवं ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन प्रो. (डॉ) अर्चना चौहान द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा नर्सिंग शिक्षा में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

दो दिवसीय सम्मेलन में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे टेली-साइकियाट्री, इमोशनल मैच्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मानसिक स्वास्थ्य में उपयोग, डिजिटल मेंटल हेल्थ, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग तथा मानसिक स्वास्थ्य में उपयोग की जाने वाली विभिन्न थेरेपी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने आधुनिक तकनीक एवं चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान पर विशेष बल दिया।

## तेज रफ्तार कार ने महिला को मारी टक्कर, गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर। लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित गौरी बाजार में सुबह एक बेकाबू कार ने बच्ची को स्कूल छोड़ने जा रही महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मामला गौरी बाजार में लखनऊ से कानपुर जाने वाले हाइवे का है, जानकारी के अनुसार इलाके के नटकुर की रहने वाली 35 वर्षीय सोनी आज पैदल अपनी बेटी प्रियंका को इलाके के हीरा लाल स्कूल छोड़ने जा रही थी, सुबह 8 बजकर 10 मिनट के करीब जब वे बिटिया को सड़क पार करवा रही थी तभी लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार सफेद ल्र्ल्मूँ कार अनियंत्रित होकर उनकी तरफ आ गई, जिस पर सोनी ने अपनी बेटी को सड़क के डिवाइडर की तरफ धकेल दिया पर खुद कार की चपेट में आगई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे कार से टकराकर कई फीट हवा में उछल गई, टक्कर से उनका सर फट गया और कमर के नीचे भी गंभीर चोटें आई, वही मौका देख कर कार सवार फरार हो गया, हादसे के वक्त वहां से गुजर रही हीरा लाल स्कूल की अध्यापिकाएं, नमिता, शिवानी और प्रियंका ने फौरन बच्ची को संभाला और 108 पर फोन कर एंबुलेंस बुलाई और सरोजिनी नगर अस्पताल ले गई, जहां स्थित गंभीर होने के चलते डाक्टरों ने घायल को लोक बंधु रिफर कर दिया, वही एक्सीडेंट के बाद किसी ने सड़क पर गिरा घायल महिला का मोबाइल भी पार कर दिया।

## भतोइया पीएनबी शाखा प्रबंधक पर गंभीर आरोप, खाताधारक ने की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की दिलावरनगर मलिहाबाद शाखा के प्रबंधक पर खाताधारक के साथ अभद्र व्यवहार करने और समस्या का समाधान न करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले को लेकर खाताधारक ने बैंक के उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत की है। ग्राम भतोइया मलिहाबाद निवासी शिवम सिंह ने बताया कि उनका पीएनबी शाखा में खाता है उन्होंने आरोप लगाया कि करीब सात वर्षों से पंजाब नेशनल बैंक में लगी पानी की टंकी को अपने मोटर पंप से भरते हैं जिसका चार माह का बिल बकाया होने पर उन्होंने शाखा प्रबंधक से संपर्क किया। खाताधारक के अनुसार उन्होंने बकाया बिल का भुगतान करने की इच्छा जताई, लेकिन शाखा प्रबंधक ने यह कहते हुए बिल लगाने से मना कर दिया। शिवम सिंह का आरोप है कि शाखा प्रबंधक ने उनके नाम से कोई लोन चलने की बात कही, जबकि उनका कहना है कि उन्होंने कभी कोई लोन नहीं लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना जानकारी के उनके नाम से लोन खाता खोल दिया गया, जिससे उनकी आय उसी खाते में जा रही है। खाताधारक ने बैंक से संबंधित दस्तावेज दिखाने की मांग की, लेकिन बैंक प्रबंधन ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पीड़ित का कहना है कि कई बार अनुरोध करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने बैंक के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर शाखा प्रबंधक के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वह आरबीआई सहित अन्य उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

## गायब व्यापारी की तलाश खत्म, पुलिस ने बरेली से किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हरदोई गल्ला मंडी जाने की बात कहकर घर से निकले रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जमुलिया गांव निवासी कारोबारी सुरेंद्र कुमार की गुमशुदगी का मामला आखिरकार सुलझ गया। पुलिस ने शनिवार को सुरेंद्र को बरेली से सकुशल बरामद कर लिया। जांच में सामने आया कि सुरेंद्र किसी वारदात का शिकार नहीं हुए थे, बल्कि वह अपनी महिला मित्र से मिलने गए थे। पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र कुमार का संपर्क सोशल मीडिया के माध्यम से बरेली की एक महिला से हुआ था। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच मोबाइल पर लगातार संपर्क रहने लगा। परिवार को इसकी भनक न लगे, इसके लिए सुरेंद्र ने जानबूझकर अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया और गायब होने का नाटक रच दिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि 2 फरवरी को सुरेंद्र कुमार ने पत्नी रीना को हरदोई गल्ला मंडी में धान के रुपये लेने की बात कहकर घर से प्रस्थान किया था। इसके बाद वह महिला मित्र के बुलावे पर मिलने चले गए। इस बीच परिजन और ग्रामीण अनहोनी की आशंका में परेशान होते रहे। सुरेंद्र के अचानक लापता होने से परिवार पर गहरा मानसिक दबाव बना रहा। पिता रामगोपाल ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पत्नी रीना और बच्चे घर पर रहकर लगातार अनिश्चितता और चिंता के दौर से गुजरते रहे। पुलिस की सक्रियता और सोशल मीडिया इनपुट के आधार पर सुरेंद्र की लोकेशन ट्रेस की गई, जिसके बाद उन्हें बरेली से बरामद कर लिया गया। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को राहत की सांस दी है।

## भाजपा सरकार मरीजों की उपेक्षा कर रही : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में आज कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित डॉक्टरों के दल के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और उसके इलाज पर चर्चा की। डॉक्टरों की राय थी कि समाजवादी सरकार में इस गंभीर बीमारी के इलाज और इसके बीमार लोगों के प्रति संवेदनापूर्ण व्यवहार के लिए जितना किया गया था, वह हमेशा याद रखा जाएगा। अखिलेश यादव की दृष्टि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इलाज की थी। वर्तमान भाजपा सरकार ने इस सम्बंध में उपेक्षा ही प्रदर्शित की है।



अखिलेश यादव ने बताया कि समाजवादी सरकार में गंभीर बीमारियों, कैंसर, किडनी, लीवर और हार्ट के लिए उच्चस्तरीय इलाज की व्यवस्थाएं निःशुल्क की गई थी। लखनऊ में 100 एकड में एक हजार करोड़ रुपए की राशि से समाजवादी सरकार में सन् 2016 में कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट बना। बैठक में बबलू बिन्द ने बताया कि उनकी मां के कैंसर के इलाज के लिए मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी ने 4.56 हजार रू0 की मदद दी थी। हमारा परिवार आज भी उनका आभार मानता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का असली गुण लोगों की सेवा करना है जो न्याय न दे पाए। इलाज न दे पाए तो किस बात का विकसित भारत है?

बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित सर्वश्री बबलू बिन्द, डॉ. अजय प्रजापति, जूही सिंह डॉ. नंद, डॉ. जेएस बिन्द, डॉ. राजित बिन्द, डॉ. सुजीत बिन्द, डॉ0 विरेन्द्र पटेल, डॉ0 संगम लाल गुप्ता, डॉ. विरेन्द्र बिन्द, डॉ. जुबेर खान, डॉ. मरगूब कुरैशी, ईशान मिल्की, प्रदीप मोदनवाल, सूरज बिन्द, गोविन्द यादव, रवि रांझा, आदिवासी विजय बार्डर गोंड, मिता जायसवाल, पावर्ती कन्नौजिया, रंजीत बिंद, संजय, आमीर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## आवारा कुत्तों का आतंक, सामान खरीदने आए किसान पर हमला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह सामान खरीदने आए एक किसान पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। हमले में किसान के पैर में गंभीर चोट आई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कटरा निवासी कल्लू (40) शनिवार सुबह करीब 11 बजे पैदल ही घरेलू सामान खरीदने के लिए रहीमाबाद चौराहे की ओर जा रहे थे। औरास रोड स्थित पुल के पास अचानक एक आवारा कुत्ते ने उन्हें दौड़ा लिया और पैर में काट लिया। जान बचाने के प्रयास में किसान सड़क पर गिर पड़े। घटना के दौरान आसपास मौजूद दुकानदारों ने तत्परता दिखाते हुए कुत्ते को खदेड़कर किसान को बचाया। इसके बाद घायल किसान को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। क्षेत्र में इससे पहले भी आवारा कुत्तों के हमलों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। आए दिन हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 727 मामलों में 167 का ही निस्तारण

- अवैध कब्जे के प्रकरण का निस्तारण न करने वाले लेखपाल हटाये गये विभागीय कार्यवाही के निर्देश
- राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस सुनिश्चित

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिसमें डीएम विशाख जी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें।

तहसील सरोजनीनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 205 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 84 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। बाकी प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 80 में से 8 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 88 में से 9 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 130 में से 33 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 224 में से 33 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 205 में से 84 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया।



पुलिस 77, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 1, राजस्व 385, विकास 60, शिक्षा 03, स्वास्थ्य 03, समाज कल्याण 16, नगर निगम 03 तथा अन्य 179 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। सामाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा अपनी भूमि पर अवैध अतिक्रमण संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसके संबंध में प्रकरण में पूर्व प्रस्तुत आवेदन का निस्तारण न करवाने एवं गलत निस्तारण प्रस्तुत करने के संबंध में राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने और संबंधित लेखपाल को तहसील से हटाते हुए मुख्यालय संबद्ध किए जाने व उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस के दौरान सभी प्रकरणों का निस्तारण समय सीमा में फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील सरोजनीनगर अंकित शुक्ल, तहसीलदार सरोजनीनगर, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भातखण्डे : जन भवन में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत गोद्ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों तथा ग्राम के महिला एवं पुरुषों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जनभावन ले जाया गया। जनभवन पहुँचना ग्रामीणों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ग्रामीणों की निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच कराई गई। साथ ही उन्हें पुष्प प्रदर्शनी तथा विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी कराया गया, जिससे उनमें प्रकृति, सौंदर्यबोध तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित हो सके।



यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य (नृत्य) डॉ. रूचि खरे के नेतृत्व तथा शिक्षिका डॉ. प्रेरणा राणा के सह-नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों वरुण शुक्ला, अक्षिता त्रिपाठी, चैतन्य अग्रवाल एवं आदित्य कुमार ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन के मार्गदर्शन में राजभवन से प्राप्त निदेशों के अनुपालन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के गोद्ग्राम से 36 महिला एवं पुरुषों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जनभवन ले जाया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता तथा सामाजिक सहयोग की भावना को सकारात्मक स्वास्थ्य संस्कृति विकसित करने का प्रभावी माध्यम सिद्ध होते हैं।

## संक्षेप

### शिवमन्दिर की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शिव मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे और निर्माण के विरोध में शनिवार को 50 से अधिक ग्रामीणों ने सदर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भूमाफिया उनकी धार्मिक आस्था से जुड़े मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने ₹मंदिर की जमीन पर कब्जा नहीं चलेगा₹ और ₹जय श्रीराम₹ के नारे लगाए। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वे कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम लोधनहार और आसपास के गांवों के निवासी हैं। उन्होंने वर्षों पहले सामूहिक सहयोग से इस शिव मंदिर की स्थापना की थी, जिससे क्षेत्र के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी है।ग्रामीणों के अनुसार, यह घटना 13 मई 2013 की है। गांव लोधनहार निवासी जसवंत और बउत्वा, जो मेवालाल के पुत्र हैं, ने कथित तौर पर मंदिर परिसर में नींव खुदवाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी भी दी। प्रदर्शन में शामिल राम प्रसाद, लल्लू और रामऔतार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर एक सार्वजनिक धार्मिक स्थल है। इस पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण पूरी तरह अवैध है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।ग्रामीणों ने सदर तहसील प्रशासन को एक लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने मांग की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में हो रहे अवैध निर्माण को तुरंत रोका जाए और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलने पर तहसील प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### भागवत कथा समापन के बाद हुआ भंडारा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बीते एक सप्ताह से चल रही भगवत कथा का शनिवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया इस दौरान भगवान की अनेक लीलाओं का वर्णन कर भगवताचार्य द्वारा कथा का रसपान कराया गया। बांगरमऊ के गांव हसनपुर मजरा निवासी सुरेन्द्र कटियार द्वारा बीते 31 जनवरी को कलश यात्रा के बाद भगवत कथा का शुभारंभ कराया गया था जिसमें वृंदावन धाम की कथावाचक देवी दीक्षा अवस्थी द्वारा भगवान के अनेक कथानकों पर आधारित भक्तिमय कथा का रसपान कराया गया।इसी क्रम में कथा के अंत में 5 फरवरी को शोभायात्रा निकाली गई तथा 6 फरवरी स्थापना दिवस कार्यक्रम किया गया तथा 7 फरवरी को हवन कन्यभोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बदहाली के आंसू रो रहे आधा दर्जन गांवों के किसान, फसलें जलमग्न, शादियां और बच्चों का भविष्य दांव पर

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। यूपी में योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लुभावने नारे और वादे कर रही है, वहीं दूसरी तरफ उन्नाव के औरास ब्लॉक में जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। शारदा नहर खंड-दो से निकली 'धर्मा ड्रेन' बरसाती झाबर विभागीय अनदेखी और कथित भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।स्थानीय किसानों का आरोप है कि पिछले दस वर्षों से कागजों पर तो सफाई के आंकड़े दर्ज किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर खुदाई न होने से प्रतापपुर, पिरौरी, मानिकापुर, मवई और धवियाना जैसे आधा दर्जन गांवों के करीब दो सौ किसान परिवारों की आर्थिक कमर टूट चुकी है।

### खेत बने तालाब: बेटियों के हाथ पीले करना हुआ मुश्किल

वर्तमान स्थिति यह है कि ड्रेन की सतह खेतों के स्तर से करीब एक फीट ऊपर हो चुकी है। जल निकासी का कोई मार्ग न होने के कारण नहर का रिसाव और बरसात का पानी सैकड़ों एकड़ भूमि को तालाब में तब्दील कर चुका है। सालों से परती पड़ी जमीन ने किसानों को दाने-दाने का मोहताज कर दिया है। आर्थिक तंगी का आलम यह है कि किसानों को अपनी बेटियों की शादी का खर्च उठाना नामुमकिन लग रहा है और बच्चों की पढ़ाई भी बीच में छूट रही है। कई परिवार तो ऐसे हैं जो इलाज के अभाव में अपनों को खो चुके हैं।

### विभागीय संवेदनहीनता: मदद के बजाय शिकायतकर्ता पर दबाव

जब सामाजिक कार्यकर्ता रामजीवन कनौजिया ने इस बदहाली को लेकर 31 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री पोर्टल (कऋफर) पर गुहार लगाई, तो विभाग ने राहत देने के बजाय डराने का रास्ता चुना। नहर विभाग ने सफाई कराने के बजाय मामले को 'ऋकफ की श्रेणी' में भेजकर शिकायतकर्ता को चुप कराने का प्रयास किया। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर जलमग्न खेतों की तस्वीरें वायरल हुईं, तब इंजीनियर इंदराज सिंह ने मामले की सुध जरूर ली, लेकिन समाधान अब भी अधर में है।

### मुख्यमंत्री की 'चौखट' से न्याय की आस

सरकारी तंत्र की हीलाहवाली से तंग आकर रामजीवन कनौजिया उर्फ छोटक्के ने 29 जनवरी 2026 को सीधे मुख्यमंत्री के 'जनता दरबार' में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित किसानों का कहना है कि वे अपनी ही जमीन पर मजदूर बनने को मजबूर हैं। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद इस 'धर्मा ड्रेन' का उद्धार होता है या किसानों की किस्मत यूँ ही भ्रष्टाचार के पानी में डूबी रहेगी।

## शिवमन्दिर की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शिव मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे और निर्माण के विरोध में शनिवार को 50 से अधिक ग्रामीणों ने सदर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भूमाफिया उनकी धार्मिक आस्था से जुड़े मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने ₹मंदिर की जमीन पर कब्जा नहीं चलेगा₹ और ₹जय श्रीराम₹ के नारे लगाए। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वे कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम लोधनहार और आसपास के गांवों के निवासी हैं। उन्होंने वर्षों पहले सामूहिक सहयोग से इस शिव मंदिर की स्थापना की थी, जिससे क्षेत्र के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी है।ग्रामीणों के अनुसार, यह घटना 13 मई 2013 की है। गांव लोधनहार निवासी जसवंत और बउत्वा, जो मेवालाल के पुत्र हैं, ने कथित तौर पर मंदिर परिसर में नींव खुदवाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी भी दी। प्रदर्शन में शामिल राम प्रसाद, लल्लू और रामऔतार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर एक सार्वजनिक धार्मिक स्थल है। इस पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण पूरी तरह अवैध है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।ग्रामीणों ने सदर तहसील प्रशासन को एक लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने मांग की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में हो रहे अवैध निर्माण को तुरंत रोका जाए और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलने पर तहसील प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर मनचलों ने किशोरी के भाई को पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में मनचलों की दबंगई का एक मामला सामने आया है। मनचले ट्यूशन पढ़ने जा रही किशोरी के साथ आए दिन छेड़छाड़ कर रहे थे। जब इस बात की जानकारी किशोरी के भाई को हुई तो उसने मनचलों का विरोध किया। विरोध करने पर मनचलों ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। किशोरी की मां ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।



कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पीड़िता की मां ने कहा है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री पढ़ने जाती है। रास्ते में मोहल्ला मुकरियाना निवासी एक युवक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करता है। किशोरी के भाई ने जब इसका विरोध किया तो उस युवक व उसके साथियों ने उसे लाठी डंडों से पीट दिया। हमले में किशोरी का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि पीड़िता और घायल युवक के बयान दर्ज कर लिए गए हैं तथा आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। कोतवाल ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस सी डी ओ कृतिराज की अध्यक्षता में हुआ। कुल 84 प्रार्थना पत्र आए जिसमें पांच प्रार्थना पत्रों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। सी डी ओ ने पिछले तहसील दिवस में आए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा के पश्चात आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी। परसंडा निवासी समाज सेवी विनोद लोधी ने मीरमऊ परसंडा मार्ग के जर्जर होने की शिकायत की। ग्राम ककरारी की सुनीता देवी पत्नी स्वयंवर ने बिजली का खंभा दो साल से टूटा होने की शिकायत की। सरैया निवासी रामरती पत्नी सकठू ने बच्चों के द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया। दौलतखेड़ा के राजू सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल द्वारा 2023 में गलत रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायत की। दौलत खेड़ा की श्रीदेवी ने ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा आवास के नाम पर ?20 हजार लेने की शिकायत की। कल्याणपुर निवासी समाजसेवी बृजेंद्र शुक्ला ने कल्याणपुर में 3 वर्षों से लगातार मांग किए जाने के बाद भ्रष्टाचार की जांच न कराए जाने पर 11 फरवरी 2026 से आमरण अनशन करने का प्रार्थना पत्र दिया। तलिहई निवासी रामनरेश ने गांव में 1000 से अधिक वोटर होने से ग्राम पंचायत में चुनाव बूथ बनाए जाने की मांग की। सी डी ओ को बैठक में वन रेंजर, चिकित्सा विभाग, जल निगम, तथा आबकारी के अधिकारी अनुपस्थित मिले। सी ओ मधुप नाथ मिश्रा ने बारा सगवर थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, बिहार थाना अध्यक्ष राहुल सिंह को रात के समय पेट्रोलियम में लापरवाही बरते जाने पर फटकार लगाई। इस मौके पर एस डी एम रनवीर सिंह, सी ओ मधुप नाथ मिश्रा, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, बी डी ओ बीघापुर सुमेरपुर पंकज गौतम रहे।

## बम बम भोले के जयघोषों के साथ निकली कांवड़ यात्रा



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कांवड़ यात्रा का भव्य आगाज हुआ। 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ शिवभक्तों का एक विशाल जत्था मुख्य मार्गों से अपनी मंजिल की ओर बढ़ा। माघ मास की इस पावन बेला में पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।यात्रा में शामिल शिवभक्त आकर्षक रूप से सजी हुई कांवड़ लेकर चल रहे थे। इन कांवड़ों को रंगीन झंडों, मोर पंखों और चमकदार मालाओं से भव्य रूप दिया गया था। भारी संख्या में युवा और बुजुर्ग कांवड़िए केसरिया वस्त्र धारण कर नंगे पैर अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं।कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन सड़कों पर मुस्तैद रहा। यात्रा के कारण चकलवंशी के मुख्य बाजारों में खासी भीड़ देखी गई, जहां एक ओर शिवभक्तों की कतारें थीं, वहीं दूसरी ओर वाहनों का आवागमन भी जारी रहा।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। विकास खंड के अंतर्गत आने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेरिया गाड़ा में छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में उपस्थित महिला चिकित्सक डॉ प्रिया सिंह (जनरल फिजिशियन) ने छात्राओं को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया।शिविर को संबोधित करते हुए महिला चिकित्सक डॉक्टर प्रिया सिंह (जनरल फिजिशियन) ने कहा कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, लेकिन इस दौरान बरती गई लापरवाही गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि इस समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमेशा साफ-सुथरे सैनिटरी पैड का ही उपयोग करें। यदि सूती कपड़े का उपयोग किया जा रहा है, तो उसे अच्छी तरह धोकर तेज धूप में सुखाना अनिवार्य है। संक्रमण से बचने के लिए हर 4 से 6 घंटे में पैड बदलना चाहिए। माहवारी के दौरान शरीर में कमजोरी न आए, इसके लिए हरी सब्जियां, फल और आयरन युक्त आहार का सेवन करें। प्रतिदिन स्नान करें और अपने निजी अंगों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ?छात्राओं की शंकाओं का समाधान ?कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने झिझक त्याग कर चिकित्सक से अपनी समस्याओं और भ्रांतियों के बारे में प्रश्न भी पूछे। डॉक्टर ने बड़े ही सरल ढंग से सभी प्रश्नों के उत्तर दिए और बताया कि माहवारी के समय पेट में होने वाले हल्के दर्द या ऐंठन से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि पर्याप्त आराम और गुनगुने पानी का सेवन करना चाहिए। ?विद्यालय की वार्डन और शिक्षिकाओं ने चिकित्सक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। विद्यालय प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि छात्राओं को सैनिटरी पैड और अन्य आवश्यक स्वच्छता सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाती रहेगी। ?इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## पति को प्रेमिका के साथ देख पत्नी ने पति की चप्पलों से की पिटाई

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। मुख्यालय पाटन शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था कि अचानक प्रांगण के अंदर एक महिला एक युवक को चप्पलो से मारने पीटने लगी तहसील प्रांगण के अंदर का मामला होने के कारण भारी भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं कुछ लोगों के द्वारा वीडियो भी बनाए जाने लगे वहीं महिला चिल्ला कर कहने लगी थी यह मेरा पति है जो दूसरी महिला के साथ कोर्ट मैरिज करने के लिए यहां आया है और मुझे इसकी सूचना मिलने पर मैं यहां आई हूं मेरा पति अपनी प्रेमिका के साथ मिला है वही मौका देख वह औरत मौके से रफूचक्कर हो गई भाग गई महिला ने बताया कि मेरा मायका चैलहा लाला खेड़ा थाना खीरों जिला रायबरेली है मेरा विवाह कई वर्ष पूर्व ग्राम दुबेपुर थाना खीरों निवासी चेतराम पुत्र सुखराम के साथ हुआ है मेरा पति शहर में नौकरी करता है यह मेरा पति एक भदिहा निवासी महिला से के साथ बहुत दिनों से प्रेम प्रसंग चला रहा है जिसकी मुझे आज सुबह सूचना मिली कि यह



उसके साथ कोर्ट मैरिज तहसील कराने जा रहा है जिस पर मैं यहां पहुंची तो देखा कि महिला के साथ घूम रहा है महिला मुझे देखा भाग गई मैंने अपने पति को समझाने की कोशिश की लेकिन लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो गया

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव मगरायर में शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे बीघापुरझपुरवा मार्ग के किनारे स्थित आनंद मिश्रा की दुकानों के सामने एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान गांव मगरायर निवासी 35 वर्षीय सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और जाजमऊ, कानपुर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। मृतक के पिता हरी बाबू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र बीते तीन दिनों से नौकरी पर नहीं गया था और शुक्रवार की शाम घर से निकला था। शनिवार सुबह पुलिस द्वारा उन्हें घटना की जानकारी दी गई। पिता ने तहरीर में शव के मस्तक, नाक और छाती पर चोट के निशान होने का उल्लेख करते हुए बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है, हालांकि फिलहाल किसी को नामजद नहीं किया गया है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी मधुपनाथ मिश्रा और थाना अध्यक्ष राजपाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच-पड़ताल की। अधिकारियों ने बताया कि परिजनों की आशंका को देखते हुए पोस्टमार्टम पैनल द्वारा कराए जाने की संस्तुति की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के पिता द्वारा दी जाने वाली तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि सुरेंद्र कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई राजेंद्र उर्फ मोनू और महेंद्र उर्फ राजा हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचीं मृतक की मां सूर्यकुमारी, पिता, भाई और अन्य स्वजन रो-रोकर बेहाल हो गए। परिजन और ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। विकास खंड के अंतर्गत आने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेरिया गाड़ा में छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में उपस्थित महिला चिकित्सक डॉ प्रिया सिंह (जनरल फिजिशियन) ने छात्राओं को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया।शिविर को संबोधित करते हुए महिला चिकित्सक डॉक्टर प्रिया सिंह (जनरल फिजिशियन) ने कहा कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, लेकिन इस दौरान बरती गई लापरवाही गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि इस समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमेशा साफ-सुथरे सैनिटरी पैड का ही उपयोग करें। यदि सूती कपड़े का उपयोग किया जा रहा है, तो उसे अच्छी तरह धोकर तेज धूप में सुखाना अनिवार्य है। संक्रमण से बचने के लिए हर 4 से 6 घंटे में पैड बदलना चाहिए। माहवारी के दौरान शरीर में कमजोरी न आए, इसके लिए हरी सब्जियां, फल और आयरन युक्त आहार का सेवन करें। प्रतिदिन स्नान करें और अपने निजी अंगों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ?छात्राओं की शंकाओं का समाधान ?कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने झिझक त्याग कर चिकित्सक से अपनी समस्याओं और भ्रांतियों के बारे में प्रश्न भी पूछे। डॉक्टर ने बड़े ही सरल ढंग से सभी प्रश्नों के उत्तर दिए और बताया कि माहवारी के समय पेट में होने वाले हल्के दर्द या ऐंठन से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि पर्याप्त आराम और गुनगुने पानी का सेवन करना चाहिए। ?विद्यालय की वार्डन और शिक्षिकाओं ने चिकित्सक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। विद्यालय प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि छात्राओं को सैनिटरी पैड और अन्य आवश्यक स्वच्छता सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाती रहेगी। ?इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## हर महीने हैंड पंप सही करवाने के नाम पर लाखों रुपए की निकासी एक ही मोहल्ले में तीन हैंडपंप खराब

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के जसमंडा बब्बन गांव के गनेश खेड़ा मजरा में एक ही मोहल्ले में तीन सरकारी हैंड पंप खराब होने की वजह से पानी की किल्लत बनी हुई है मोहल्ले वासियों ने कई बार ग्राम प्रधान से लेकर सचिव तक फोन करके सरकारी हैंडपंप सही करवाने की गुहार लगा चुके हैं लेकिन अधिकारी के कानों में ज्यों नहीं रेंग रहा है जिस मोहल्ले के लोगों को पानी पीने की किल्लत बनी हुई है मोहल्ले वासियों ने बताया कि सरकारी हैंड पंप खराब होने की वजह से 200 मीटर दूर दूसरे मोहल्ले से पानी लाना पड़ता है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गर्मी मौसम शुरू होते ही पानी की खपत भी अधिक बढ़ गई है उसके बावजूद भी ग्राम सचिव व प्रधान हैंडपंप सही करवाने की जहमत नहीं उठा रहे हैं खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा ने बताया कि जानकारी में नहीं है, सचिव से जानकारी की जाएगी।



## कम्पनी का डेटा चोरी कर की लाखों की ठगी, मामला उजागर होने पर दी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ व मुंबई में कार्यरत कंपनी कलर पेपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में कर्मचारी द्वारा धोखाधड़ी, विश्वासघात, गोपनीय डेटा की चोरी, कंपनी संपत्ति के दुरुपयोग और समानांतर प्रतिस्पर्धी व्यवसाय चलाने का कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर व ब्रांच मैनेजर ने युवक पर लगाया आरोप। कंपनी के अनुसार, अजीत कुमार सिंह (पूर्व में अजीत कुमार यादव), पुत्र अशोक कुमार यादव, निवासी गौरा कला कनिगांव, जनपद उन्नाव वर्ष 2019 से कंपनी के घर/प्रिमाइसेज में रहकर नियमित वेतन प्राप्त कर रहा था, और इसी दौरान उसे कंपनी के गोपनीय व्यावसायिक रिकॉर्ड, वेंडर नेटवर्क और आंतरिक प्रक्रियाओं तक पूर्ण पहुंच दी गई थी। कंपनी का आरोप है कि संबंधित कर्मचारी ने वर्क फ्रॉम होम का बहाना बनाकर दिल्ली स्थानांतरित होने के बाद, नौकरी में रहते हुए ही वर्ष 2023 से अपने रिश्तेदारों और कुछ कंपनी वेंडर्स के साथ मिलकर समान प्रकृति की एक प्रतिस्पर्धी कंपनी शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान कंपनी के गोपनीय डेटा, क्लाइंट वेंडर जानकारी और कार्यप्रणाली का दुरुपयोग किया गया, जिससे कंपनी को आर्थिक व्यावसायिक और प्रतिष्ठात्मक नुकसान पहुंचा। इसके अतिरिक्त, आरोप है कि कर्मचारी ने कंपनी की संपत्ति (लैपटॉप एवं चार्जर) अपने पास रखी और अधिकृत प्रक्रिया के बिना उसका उपयोग किया। मामला सामने आने के बाद कंपनी द्वारा संपर्क करने पर संबंधित व्यक्ति ई-मेल के माध्यम से सक्रिय पाया गया और कंपनी की संपत्ति लौटाने के संबंध में तत्काल उत्तर भी दिया, जिससे उसके लापता होने के दावे पर सवाल खड़े हो गये। कंपनी का यह भी कहना है कि मामले के उजागर होने के बाद दबाव बनाने और जांच को प्रभावित करने के उद्देश्य से काउंटर शिकायतें दर्ज कराई गई। कंपनी के अनुसार, जब उसके प्रतिनिधि आरोपी युवक के गांव पहुंचे, तो उन्होंने युवक के बारे में या उसके व्यवसाय के बारे पूछताछ की जिस पर आरोपी युवक के परिजन कंपनी के कर्मचारीयों के साथ भिड़ गये और उन्हें कई झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे डाली। कर्मचारियों ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि आरोपी की मां द्वारा आसीवन थाना, उन्नाव में गलत तथ्यों के आधार पर शिकायत दी गई। इसके बाद आसीवन थाना, उन्नाव से कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि को थाने बुलाया गया, इसके बाद ही वे थाने पहुंचे। कर्मचारियों ने प्रार्थना पत्र में लिखा कि थाने पहुंचने पर उन्हें बिना किसी पूर्व लिखित नोटिस के लगभग तीन घंटे तक थाने में बैठाए रखा गया। कंपनी का आरोप है कि थाने में मौजूदगी के दौरान कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि से दो दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए जबकि पूरी प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। कंपनी का यह भी कहना है कि बाद में आरोपी कर्मचारी के पिता से यह कथन किया गया कि जितना करना था, उतना कर दिया गया है, जिससे पूरी कार्यवाही की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।

## सम्पादकीय

# बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर अभिभावक रखें पैनी नज़र

आज के डिजिटल युग ने बच्चों की दुनिया को जितना आसान बना दिया है, उतना ही जटिल भी कर दिया है। मोबाइल फोन, टैबलेट और इंटरनेट आज बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और संवाद का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन यही तकनीक जब नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल मोबाइल दिलाने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखना उनकी जिम्मेदारी बन जाती है। आजकल साफ तौर पर देखा जा रहा है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या और सामाजिक अलगाव को जन्म दे रहा है। लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलने या सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले बच्चे परिवार और दोस्तों से कटने लगते हैं। वे वास्तविक दुनिया की गतिविधियों से दूरी बना लेते हैं, जिससे उनका भावनात्मक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ लगातार सलाह दे रहे हैं कि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम की स्पष्ट और सख्त सीमा तय की जाए। हाल ही में गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की आत्महत्या की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। 12, 14 और 16 साल की इन बच्चियों को कोरियाई लवर गेम की लत थी। बताया गया कि वे स्कूल तक छोड़ चुकी थीं और हर गतिविधि एक साथ करती थीं। सुसाइड नोट में लिखा गया "सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे।" यह घटना एक कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि डिजिटल लत किस हद तक बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले सकती है। ऐसे में माता-पिता के लिए सबसे पहला कदम है समय सीमा निर्धारित करना। बच्चों के मोबाइल उपयोग के लिए प्रतिदिन का समय फिक्स होना चाहिए। इसके साथ-साथ गूगल फैमिली लिंक जैसे पेरेंटल कंट्रोल ऐप्स का इस्तेमाल कर स्क्रीन टाइम को सीमित किया जा सकता है और यह जाना जा सकता है कि बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे हैं। निगरानी के साथ-साथ संवाद भी उतना ही जरूरी है। बच्चों को केवल डांटना या मोबाइल छीन लेना समाधान नहीं है। खुलकर बातचीत करने से बच्चे अपनी समस्याएं साझा करते हैं और गलत डिजिटल कंटेंट से दूर रहने के लिए खुद को तैयार करते हैं। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सबसे कारगर तरीका है उन्हें बेहतर विकल्प देना। आउटडोर खेल, किताबें, संगीत, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं। जब बच्चों को सकारात्मक और रोचक विकल्प मिलते हैं, तो वे खुद-ब-खुद मोबाइल से दूरी बनाने लगते हैं। आज सबसे बड़ा खतरा मोबाइल पर खेले जाने वाले कुछ ऑनलाइन गेम्स से जुड़ा है। ब्लू व्हेल चैलेंज, मोमो चैलेंज, कोरियाई लवर गेम, पबजी और ब्लैकआउट चैलेंज जैसे टास्क-बेस्ड गेम्स बच्चों को मानसिक रूप से इतना प्रभावित कर देते हैं कि वे जानलेवा कदम उठाने तक के लिए प्रेरित हो जाते हैं। मोमो चैलेंज डर और धमकी के जरिए बच्चों को जानलेवा काम करने को मजबूर करता है। चोकिंग गेम और ब्लैकआउट चैलेंज जैसी चुनौतियां भी सोशल मीडिया के जरिए फैल रही हैं। अगर समय रहते हम सतर्क हो गए, तो कई मासूम जिंदगियों को बचाया जा सकता है।



भारत-अमेरिका डील
महेन्द्र तिवारी

# वैश्विक राजनीति को मिली नई दिशा

**भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वहीं ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।**

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। यह बदलाव न तो अचानक हुआ और न ही एकतरफा दबाव का परिणाम था। इसके पीछे भारत की एक सधी हुई, दूरदर्शी और संतुलित कूटनीति काम कर रही थी, जिसने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी बातचीत की मेज पर सम्मान के साथ बैठने को मजबूर कर दिया। ट्रंप की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। उनका मानना रहा कि आर्थिक दबाव के जरिए ही किसी देश को झुकाया जा सकता है। सत्ता में आते ही उन्होंने चीन के साथ व्यापार युद्ध छेड़ दिया और उसी क्रम में भारत को भी निशाने पर लिया। भारत पर यह आरोप लगाया गया कि वह विदेशी वस्तुओं पर बहुत अधिक कर लगाता है और अमेरिकी कंपनियों को उचित अवसर नहीं देता। इसी सोच के तहत भारत को विशेष व्यापारिक सुविधा की सूची से बाहर कर दिया गया, जिससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फैसले से दवाइयों, कपड़ों, रत्नों और कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा और भारत के लिए अमेरिकी बाजार कठिन हो गया। भारत ने इस दबाव को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उसने जवाबी कदम उठाए और अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर कर बढ़ा दिए। इससे अमेरिका के किसान और उद्योगपति प्रभावित हुए। बादाम, सेब और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा। यह संकेत साफ था कि भारत केवल सुनने वाला देश नहीं है, बल्कि अपने हितों की रक्षा करना जानता है। इसके बावजूद भारत ने टकराव की भाषा नहीं अपनाई। उसने संवाद के दरवाजे खुले रखे और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का मूल आधार संतुलन रहा है। न तो किसी के आगे झुकना और न ही अनावश्यक टकराव। इसी नीति के तहत भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया। सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत किया गया। भारत ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि वह केवल एक बाजार नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार है। अमेरिका की बड़ी कंपनियों को भारत में निवेश के अवसर दिए गए, उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित किया गया और नौकरशाही अड़चनों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। इन सभी प्रयासों का असर तब दिखा जब ट्रंप ने खुद स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उन्होंने अपने रुख पर पुनर्विचार किया। यह कोई साधारण फोन वार्ता नहीं थी, बल्कि वर्षों की रणनीति और विश्वास का परिणाम थी। ट्रंप जैसे नेता, जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से किसी की प्रशंसा नहीं करते, उन्होंने मोदी को प्रभावशाली और सम्मानित नेता बताया। यह बदलाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नीतियों में भी दिखाई दिया। नए व्यापारिक



समझौते के तहत भारत और अमेरिका दोनों ने एक दूसरे को राहत दी। भारत ने कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने का संकेत दिया, जबकि अमेरिका ने भारतीय इस्पात, कपड़ा और दवा उद्योग को बड़ी राहत दी। इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित होंगे। दवा उद्योग के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय दवाइयाँ सस्ती और प्रभावी मानी जाती हैं और अमेरिका में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा सवाल यह भी उठा कि क्या अमेरिका से बढ़ती नजदीकी का असर भारत के रूस के साथ संबंधों पर पड़ेगा। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से सस्ता तेल खरीदने के कारण भारत पश्चिमी देशों की आलोचना के केंद्र में रहा है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखी, जिससे उसे अरबों रुपये की बचत हुई और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई। अमेरिका ने इस पर असंतोष जरूर जताया, लेकिन कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया। रूस की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि भारत के साथ उसके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। रूसी नेतृत्व ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। रक्षा क्षेत्र में चल रही परियोजनाएं, मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति और सैन्य सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि भारत ने अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखा है और किसी एक खेमे में खुद को सीमित नहीं किया है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता का रास्ता चुना है। भारत अपने फैसले स्वयं करता है, दबाव में नहीं। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता भी इसी सोच का परिणाम है। इसमें न तो आत्मसमर्पण है और न ही टकराव, बल्कि आपसी लाभ का रास्ता है।

इस समझौते का असर केवल भारत और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इसके सकारात्मक संकेत दिखाई देंगे। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सहयोग का रास्ता चुनती हैं, तो बाजारों में स्थिरता आती है। निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और विकास को गति मिलती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह खुद को विश्व उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करे और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत करे। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। डिजिटल कर, बौद्धिक संपदा अधिकार और आंकड़ों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा ताकि घरेलू हितों की अनदेखी न हो। विदेशी कंपनियों को अवसर देते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के कानूनों और संप्रभुता से कोई समझौता न हो। राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की यह एक बड़ी परीक्षा थी, जिसमें वे सफल दिखाई देते हैं। ट्रंप का नरम रुख इस बात का संकेत है कि भारत की बात अब सुनी जाती है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग भी जारी रहेगा। भारत दोनों शक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बनाए रखेगा। अंततः यह कहानी बदलती दुनिया में समझदारी भरी कूटनीति की है। यह दिखाती है कि शोर मचाने से नहीं, बल्कि संवाद और संतुलन से बड़े फैसले लिए जाते हैं। भारत ने यही रास्ता चुना है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

विचार
राजीव श्रीवास्तव



# चित्रोत्पला फिल्म सिटी : सपना बड़ा है, शुरुआत संवेदनशील होनी चाहिए



छत्तीसगढ़ में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण राज्य के सांस्कृतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह परियोजना न केवल फिल्म निर्माण से जुड़ी है, बल्कि इससे छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और रचनात्मक पहचान को राष्ट्रीय मंच मिलने की संभावना भी जुड़ी हुई है। ऐसे में इस परियोजना की हर शुरुआत, हर प्रतीक और हर निर्णय का सांस्कृतिक अर्थ भी होता है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सामने आया विवाद इसी संवेदनशीलता की ओर संकेत करता है, जिसे केवल औपचारिक प्रतिक्रिया देकर टालना उचित नहीं होगा।

**जब अपनी ही जमीन पर कलाकार हाशिये पर हों**

यदि छत्तीसगढ़ के नाम पर बन रही फिल्म सिटी के पहले सार्वजनिक आयोजन में स्थानीय कलाकार, रंगकर्मी और छत्तीसगढ़ी सिनेमा से जुड़े लोग स्वयं को उपेक्षित महसूस करें, तो यह केवल एक आयोजन की त्रुटि नहीं, बल्कि सोच में आई दूरी का संकेत है। बॉलीवुड कलाकारों के कट-आउट और प्रतीकों के बीच छत्तीसगढ़ की अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति का कमजोर दिखना यह प्रश्न खड़ा करता है कि— क्या हम विकास की दौड़ में अपनी जड़ों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं?

**संस्कृति आयोजन नहीं, सहभागिता मांगती है**

अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ कि संस्कृति विभाग का कार्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं होता, बल्कि कलाकारों के आत्मसम्मान और भागीदारी को सुनिश्चित करना होता है। कलाकार मंच नहीं मांगते, वे यह महसूस करना चाहते हैं कि— वे इस परियोजना का हिस्सा हैं,

केवल दर्शक नहीं। यदि चित्रोत्पला फिल्म सिटी वास्तव में छत्तीसगढ़ की है, तो उसकी पहली तस्वीर में छत्तीसगढ़ी कलाकारों की केंद्रीय भूमिका स्वाभाविक होनी चाहिए थी।

**सरकार की मंशा और ज़मीनी अपेक्षाएं**

सरकार और आयोजन से जुड़े पक्षों ने यह कहा है कि सभी को साथ लेकर चलने की मंशा है और किसी को जानबूझकर नजरअंदाज नहीं किया गया। इस आश्वासन का स्वागत किया जाना चाहिए।

लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि आने वाले समय में—स्थानीय कलाकारों की निर्णायक भागीदारी

छत्तीसगढ़ी फिल्मों और रंगमंच के लिए ठोस नीति प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और मंच के स्थायी प्रावधान

स्पष्ट रूप से दिखाई दें। क्योंकि सांस्कृतिक विश्वास शब्दों से नहीं, कार्यवाही से बनता है।

**चित्रोत्पला : नाम के साथ जिम्मेदारी**

चित्रोत्पला केवल एक आधुनिक फिल्म सिटी का नाम नहीं है। यह छत्तीसगढ़ की उस सांस्कृतिक स्मृति का प्रतीक है, जहाँ लोककला, शिल्प और रचनात्मकता पीढ़ियों से जीवित रही है। इस नाम के साथ यह जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि फिल्म सिटी की आत्मा स्थानीय हो और दृष्टि वैश्विक।


# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# आखिर कर्म ही महान है



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## तोतों का जोड़ा



मोरीगांव के पोबितोरा वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में बुधवार को टूरिस्ट हाथी की सवारी करते हुए।

## आज की पाती

### उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत

कैंसर से बचने और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में विश्व कैंसर दिवस, 4 फरवरी को मनाया जाता आ रहा है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले हमारे देश में 11 लाख से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए, जबकि 7 लाख 84 हजार 800 लोगों की मौत कैंसर से हुई। हमारे देश में कैंसर के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक है। अगर इसके लिए जल्दी से जल्दी चिंतन नहीं किया गया और गंभीरता नहीं दिखाई गई तो यह हमारे देश के लिए और भी मुसीबत बन सकता है। उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत है।

\- राकेश गुप्ता, रायगढ़

## करंट अफेयर

# जिल बाइडन के पूर्व पति पर पत्नी की हत्या का आरोप



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन के पूर्व पति पर दिसंबर के अंत में डेलावेयर स्थित घर में अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विलमिंगटन निवासी विलियम स्टीवेन्सन (77) का जिल बाइडन से वैवाहिक रिश्ता 1970 से 1975 तक चला था। डेलावेयर के अटॉर्नी जनरल की प्रवक्ता कैरोलिन हैरिसन ने फोन पर बातचीत में पुष्टि की कि स्टीवेन्सन, जिल बाइडन के पूर्व पति हैं। पूर्व राष्ट्रपति और भूतपूर्व प्रथम महिला के कार्यालय के प्रवक्ता द्वारा ईमेल के माध्यम से दिए गए

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण।

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक व्यापार समझौता



भारत और अमेरिका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता देश और विशेषकर हमारे राजस्थान के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने वाला है। इस कदम से ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट और स्टोन इंडस्ट्री के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खुलेंगे, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी।

\- भजनलाल, सीएम, राजस्थान

### सवालों का जवाब दे केंद्र



केंद्रीय भाजपा सरकार विपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों से क्यों डर रही है? सरकार को सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े मामलों पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

\- एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु

### दिल्ली असुरक्षित क्यों



दिल्ली में सिर्फ 15 दिन में 807 लोग गायब हो गए, ये हालात सामान्य नहीं, बेहद डराने वाले हैं। राजधानी में लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। दिल्ली में हर स्तर पर बीजेपी के पास पूरी ताकत है, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों है ?

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### जनता के लिए हानिकारक



ये डील नहीं, ढील है। भाजपा की उल्टी गणित से जनता फिर पूछ रही है : जीरो बड़ा या अठारह, इस देश में कोई भी डील जो 70 फीसदी कृषि आधारित जनता के लिए हानिकारक है वो कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकती है।

\- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## संक्षेप

### दारुल उलूम मसूदिया मे अजीम-ओ-शान जश्ने उवैस करनी रह० का आयोजन

**दूर-दराज से पहुंचे उलमा-ए-किराम**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। 06 फरवरी 2026 को मदरसा दारुल उलूम मसूदिया, गौस-ए-आजम कुंडासर में हजरत उवैस करनी रहमतुल्लाह अलैह की याद में एक अजीम-ओ-शान जलसा आयोजित किया गया।इस रूहानी जलसे में दूर-दराज से तशरीफ लाए उलमा-ए-किराम ने शिरकत की और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।जलसे के दौरान उलमा-ए-किराम ने शब-ए-बारात की फजीलत पर रोशनी डाली और समाज में इमाम की अहमियत को विस्तार से बयान किया। साथ ही इजलास-ए-महफि ल में सभी गांव वालों से इमाम की इज्जत करने, मस्जिद से रिश्ता मजबूत रखने और बच्चों को अच्छी तरबियत व तालीम दिलाने की अपील की गई।जलसे को हाफि ज कमरुद्दीन (इमाम भखरौली), हाफि ज मेराज साहब (इमाम बदरौली) और हाफि ज रईस साहब (इमाम गुलालपुरवा) ने खिताब करते हुए दीन-ए-इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।इस मौके पर मुतवल्ली मोहम्मद शमीम खान, इमाम मस्जिद हाफि ज अलीमुद्दीन मसूदी, मोहम्मद जहीन खान (खजांची), मुशीर अहमद (खजांची), नियाज अहमद, मो. तैय्यब, अब्दुल करीम, जीशान अंसारी सहित गांव के तमाम लोग मौजूद रहे।जलसा दुआ-ए-खैर के साथ संपन्न हुआ, जिसमें मुल्क, समाज और आपसी भाईचारे की सलामती की दुआ की गई।

### मतदाता सूची से छेड़छाड़ का आरोप

देवरिया,पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र संख्या 338 में मतदाता सूची से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। समाजवादी पार्टी (सपा) ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा फर्जी आवेदन भरकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम सूची से हटाने का प्रयास किया गया है।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी के कार्यों की जिलाधिकारी ने की सराहना

## डीएम के निरीक्षण में तहसील नानपारा में मिली चुस्त दुरुस्त व्यवस्थाएं

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के उपरान्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा तहसील नानपारा का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, भवन एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ तहसील अन्तर्गत संचालित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर न्यायिक कार्यों, वादो का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों, वसूली, अभिलेखागार, आईजीआरएस एवं जनसुनवाई इत्यादि व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया। एसडीएम न्यायालय में दर्ज वादों की स्थिति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 01 वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी वाद लंबित नही है।पत्रावलियों के अवलोकन प्रथम दृष्टया समस्त धाराओं के वादों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण पाया गया।इस स्थिति पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील नानपारा में प्रशासनिक एवं न्यायिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है।डीएम ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए प्रचलित वादों का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूल ी की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की स्थिति बेहतर पायी गयी। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि नियमित रूप से समीक्षा करती रहें जिससे वसूली की प्रगति बनी रहे। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तहसील नानपारा पिछले 06 माह से लगातार आईजीआरएस निस्तारण में जनपद में प्रथम स्थान बनाए हुए है।इस स्थिति पर डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि तहसील प्रशासन की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं शिकायतकर्ता संतुष्टि को दशार्ती है। निरीक्षण में दौरान नजारत पटल, राजस्व लिपिक पटल, संग्रह कार्यालय, अभिलेखागार, निर्वाचन कार्यालय, वीआरसी कार्यालय आदि तहसील के सभी कार्यालयों एवं पटलों का कार्य व्यवस्थित एवं अद्यतन पाया गया साथ ही तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई। कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का संधारण एवं कार्य निष्पादन पर डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।डीएम ने एसडीएम से कहा कि इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर तहसील नानपारा को प्रशासनिक, न्यायिक, राजस्व एवं शिकायत निस्तारण के क्षेत्र में एक आदर्श तहसील के रूप में स्थापित करने का प्रयास करें।

# नानपारा तहसील में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी श्रीमती मोनालिसा जौहरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके।डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें।

इस अवसर पर डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, एलडीएम जितेन्द्र मंसद, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 32 में 04, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 20 में 02, कैसरगंज में 62 में 05, पयागपुर में 43 में 05, महसी में 15 में 01 तथा तहसील सदर में प्राप्त 15 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड रिसिया का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। सम्पूर्ण समाधान से लौटते समय जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा विकास खण्ड रिसिया के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय एवं विकास खण्ड परिसर का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड मुख्यालय पहुंचने पर डीएम श्री त्रिपाठी ने कार्यालय परिसर एवं परिसर में निर्मित पार्क का निरीक्षण किया। कार्यालय परिसर एवं पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी रिसिया राजेन्द्र कुमार से कार्यालय परिसर में निर्मित कामिकों के आवासों तथा उसके रहने वाले कार्मिकों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। डीएम श्री त्रिपाठी ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए पटल सहायकों से अभिलेखों के रख-रखाव इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।डीएम ने ग्रान्ट रजिस्टर का अवलोकन करते हुए खण्ड विकास अधिकारी आवंटित बजट तथा योजनाओं की वित्तीय प्रगति की बाबत जानकारी प्राप्त की।स्थापना पटल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने शासनादेशों से सम्बन्धित गार्ड फाईल का अवलोकन करते हुए स्थापना लिपिक सुरेन्द्र सिंह को निर्देश दिया कि फाईल में अनुकम्रणिका को अद्यतन रखा जाय। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी रिसिया राजेन्द्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास संजय मिश्र, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरेश चन्द्र, अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण अजय कुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आनन्द स्वरूप श्रीवास्तव सहित विकास खण्ड में कार्यरत अन्य कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा अंतर्गत लगा मुफ्त स्वास्थ्य कैंप

### सीमावर्ती थारू जनजातीय क्षेत्रों में लगे 16 स्वास्थ्य शिविर, कैंपों से 4860 से अधिक लोगों को मिला लाभ

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रान्त एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के छठवें संस्करण की शुरूआत 6झ7 फरवरी को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों के साथ हुई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित थारू जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आयोजित इस स्वास्थ्य मेले की श्रृंखला प्रदेश के सात जिलों में एक साथ प्रारंभ हुई। बहराइच जनपद के बाबागंज क्षेत्र में लगभग 16 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय एवं बाहरी चिकित्सकों सहित लगभग 56 डॉक्टरों ने सहभागिता की।सीमावर्ती क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में विभिन्न सामाजिक संगठनों—एकल अभियान, सीमा जागरण मंच, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, सेवा भारती आदि के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने स्थानीय संस्कृति को समझने के उद्देश्य से ग्रामीण परिवारों के घरों में रात्रि विश्राम भी किया। स्वास्थ्य शिविरों के दौरान चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया तथा संतुलित आहार, माहवारी स्वच्छता सहित विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा के माध्यम से 4860 से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया, जिनमें 2540 महिलाएं शामिल हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविरों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं चिकित्सकों के लिए भी यह अनुभव अनूठा और प्रेरणादायक रहा। इस यात्रा के अंतर्गत 8 फरवरी को किसान पीजी कॉलेज, बहराइच में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह स्वास्थ्य सेवा यात्रा पिछले छह वर्षों से निरंतर संचालित हो रही है और प्रत्येक वर्ष नए आयाम स्थापित कर रही है।जमुदान, रामनगर, गुलरिया, बेलवाभारी, इटहवा, धनकुट्टी, फूलटेकरा, रामपुर, गंगापुर, खुशलीगांव, जैतापुर, सहजना, संकल्पा, मिहीपुरवा सहित अनेक गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम में राम मनोहर लोहिया संस्थान, लखनऊ के डॉ. शिवम शुक्ला, डॉ. निशांत पांडे, डॉ. राजेश सोनकर, डॉ. अभिषेक सहित कई प्रमुख चिकित्सकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में प्रान्त प्रचारक कौशल जी एवं विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सर्वेश प्रचारक (जिला धर्म जागरण), विवेक शुक्ला, एडवोकेट दीपक शर्मा, राजेंद्र सिंह, आशीष त्रिपाठी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीएम कैसरगंज की तत्परता से किसानों को मिला न्याय



### खतौनी अंश दुरुस्त कर सौंपी गई फ्रेश खतौनी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह की बारगाह में ग्राम मरौचा, तहसील कैसरगंज, जनपद बहराइच के किसान तुलसीराम, अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। किसानों ने खतौनी अंश में चली आ रही त्रुटि को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी कैसरगंज ने तत्काल संबंधित राजस्व अभिलेखों की जांच कराई और बिना विलंब के खतौनी अंश की दुरुस्ती कराते हुए किसानों को फ्रेश खतौनी उपलब्ध कराई।प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से किसानों को बड़ी राहत मिली।किसानों ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज के इस जनहितकारी कदम की सराहना करते हुए तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया।यह कार्रवाई प्रशासन की संवेदनशीलता, पारदर्शिता और त्वरित न्याय का उदाहरण मानी जा रही है।

# भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के 22 गांवों में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर

## दो दिवसीय चिकित्सा शिविर में हजारों ग्रामीणों को मिला चिकित्सा लाभ

### जंगल व दो नदियों से घिरे भरथापुर गांव में नाव से पहुंची टीम

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीमा क्षेत्र के गांवों में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों को निशुल्क चिकित्सा का लाभ मिला।राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले प्रहरी हो या वहां निवास करने वाले वनवासी बंधु उनका स्वास्थ्य ही राष्ट्र की शक्ति है ।इसी संकल्प के साथ नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन और श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास विगत 5 वर्षों से दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा की अलख जगा रहा हैं।इस वर्ष की सेवा यात्रा अपने छठे सोपान पर है यह यात्रा बहराइच जनपद के बनवासी क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा और सेवा के समर्पण को जोड़कर एक नया कीर्तिमान बना रही हैं ।

गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा6.0 के अंतर्गत जनपद के तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में दो दिवसीय शिविर में 22 स्थान पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।इस कैंप के माध्यम से जनपद के सुदूर वनवासी क्षेत्र में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया मिहींपुरवा क्षेत्र के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के घने जंगलों और दो नदियों के बीच बसे दुर्गम गांव में भरथापुर में आयोजित स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने किया। भरथापुर में प्रांत प्रचारक कौशल जी का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।इसी प्रकार मिहींपुरवा विकासखंड के विशुनापुर अंबा, फकीरपुरी, बर्दियां, सलारपुर मुर्तिहा भगड़िया, गोपिया, जोगनिया, करमोहना, कांजीबाग, अयोध्या गांव, हरखापुर, रामपुरवा, सुजौली चहलवा चितलहवा, गौरापिपरा, सोगवा, पड़रिया, मटेरीकला, सोहनी बलाई गांव, मदारिया में चिकित्सा शिविर का आयोजित हुआ। दो दिवसीय चिकित्सा शिविर में सीमा क्षेत्र के हजारों लोगों को निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था का लाभ मिला।चिकित्सा शिविर में डॉ राम मनोहर लोहिया तथा अन्य प्रमुख चिकित्सालय के डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया इस मौके पर कल्याण सिंह कैंसर इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉक्टर एमएल भट्ट, डॉक्टर टीम के कोआर्डिनेटर डॉ सानिध्य सिंह तथा डॉ रवि वर्मा ,डॉ अमृतराज, डॉ भास्कर ,डॉ मिहिर,डॉ सत्यम, डॉ राज, डॉ रोशन, डॉ अनंत, डॉ बिजेंद्र, डॉ प्रमोद, इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार,जिला प्रचारक अजय ,जिला कार्यवाह दिलीप, बाबूलाल, सुरेश,अमित कुमार, हिमांशु,रोहित ,हर्षित, सोम वर्धन ,अनिल, यात्रा के जिला सहसंयोजक योगेंद्र मौर्य, ब्लैक प्रमुख में पूर्व अभिषेक सौरभ वर्मा सहित काफी संख्या में स्वयं सेवकों का विशेष सहयोग रहा।

# डीएम के निरीक्षण में आल इज वेल मिली तहसील नानपारा की व्यवस्थाएं

## एसडीएम के प्रशासनिक नियंत्रण व कार्यकुशलता की डीएम ने की सराहना

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के उपरान्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा तहसील नानपारा का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, भवन एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ तहसील अन्तर्गत संचालित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर न्यायिक कार्यों, वादो का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों, वसूली, अभिलेखागार, आईजीआरएस एवं जनसुनवाई इत्यादि व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया। एसडीएम न्यायालय में दर्ज वादों की स्थिति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 01 वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी वाद लंबित नही है। पत्रावलियों के अवलोकन प्रथम दृष्टया समस्त धाराओं के वादों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण पाया गया।इस स्थिति पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील नानपारा में प्रशासनिक एवं न्यायिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। डीएम ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए प्रचलित वादों का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की स्थिति बेहतर पायी गयी। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि नियमित रूप से समीक्षा करती रहें जिससे वसूली की प्रगति बनी रहे। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तहसील नानपारा पिछले 06 माह से लगातार आईजीआरएस निस्तारण में जनपद में प्रथम स्थान बनाए हुए है।इस स्थिति पर डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि तहसील प्रशासन की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं शिकायतकर्ता संतुष्टि को दशार्ती है।निरीक्षण में दौरान नजारत पटल, राजस्व लिपिक पटल, संग्रह कार्यालय, अभिलेखागार, निर्वाचन कार्यालय, वीआरसी कार्यालय आदि तहसील के सभी कार्यालयों एवं पटलों का कार्य व्यवस्थित एवं अद्यतन पाया गया साथ ही तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई। कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का संधारण एवं कार्य निष्पादन पर डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। डीएम ने एसडीएम से कहा कि इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर तहसील नानपारा को प्रशासनिक, न्यायिक, राजस्व एवं शिकायत निस्तारण के क्षेत्र में एक आदर्श तहसील के रूप में स्थापित करने का प्रयास करें।

# टीचर के निलंबन का मामला

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।6-7फरवरी को नेशनल मेडिकोज आगेर्नाइजेशन अवध प्रान्त गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले स्वास्थ्य शिविरों की हुई शुरूआत। भारत नेपाल सीमा सीमा पर स्थित थारू जनजातीय बहुल इलाको में लगने वाला यह स्वास्थ्य मेले की शृंखला प्रदेश के सात जिलों में एक साथ शुरू हुई। बहराइच के बाबागंज क्षेत्र में लगभग 16 कैम्प, आयोजित किये गए। इन शिविरों में स्थानीय और बाहरी चिकित्सकों को मिलाकर लगभग 56 चिकित्सकों ने उत्साह से भाग लिया। सीमावर्ती क्षेत्रों में जहाँ विभिन्न सामाजिक संगठनों जैसे एकल अभियान,सीमा जागरण मंच, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद,सेवा भारती आदि के कार्यकर्ता मौजूद थे।चिकित्सकों ने स्थानीय रहन सहन और संस्कृति को समझने के लिए स्थानीय स्तर पर रुक कर किया।चिकित्सको के दल ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां और गांव के विभिन्न विषयों पर लोगों को जागरूक किया जिसमें संतुलित भोजन, माहवारी स्वच्छता इत्यादि शामिल रहे।स्थानीय लोगों ने इन स्वास्थ्य शिविरों में पूरे उत्साह से भाग लिया।स्वास्थ्य सेवा में लगभग दो हजार से ज्यादा महिला-पुरुषों नें लाभ प्राप्त किया।8 फरवरी को किसान पीजी कॉलेज बहराइच में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाना है।यह यात्रा पिछले 06 वर्षों से लगातार चल रही है और नित नए अयोमों को प्राप्त कर रही है। जमुदान, रामनगर, गुलरिया,बेलवाभारी,इटहवा धनकुट्टी फूलटेकरा, रामपुर, गंगापुर खुशलीगांव, जैतापुर साहिजना संकल्पा, महीपुरवा बगौरसमय आदि गांव में स्वास्थ कैम्प हुआ। राम मनोहर लोहिया संस्थान लखनऊ के डॉ शिवम शुक्ला, डॉ निशांत पांडे, डॉ राजेश सोनकर, डॉ अभिषेक मौजूद रहे।कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में मुख्य रूप से प्रान्त प्रचारक कौशल जी, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार का योगदान रहा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वेश प्रचारक जिला धर्म जागरण, विवेक शुक्ला एडवोकेट, दीपक शर्मा, राजेंद्र सिंह, आशीष त्रिपाठी मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी के कार्यकताओं ने निषाद समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किए जाने की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के नेतृत्व वाली निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के दर्जनों कार्यकर्ता सोमवार को झंडा, बैनर और पोस्टर लेकर तहसील परिसर पहुंचे।यहां उन्होंने जोरदार प्रदर्शन करते हुए निषाद समाज को पिछड़े वर्ग की सूची से हटाकर अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग उठाई।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि निषाद समाज लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक शोषण का शिकार रहा है, इसके बावजूद उसे उसका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। कार्यकताओं ने भारत सरकार के महा रजिस्ट्रार एवं आयुक्त कार्यालय का हवाला देते हुए बताया कि दिनांक 16 जून 2025 को जारी आदेश तथा 8 जनवरी 2022 के शासनादेश के अनुसार मांझी, केवट, मल्लाह आदि जातियों के संबंध में पारित आदेश का अनुपालन पूरे प्रदेश में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-4, सन 1994) की धारा 13 के अंतर्गत राज्यपाल द्वारा उक्त अधिनियम की अनुसूची-1 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन के तहत निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, ढीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोड़िया, मछुआ आदि जातियों को पिछड़े वर्ग की सूची से हटाकर नई संशोधित सूची जारी करने का आदेश दिया गया है।प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शासनादेश और संशोधित अधिसूचना जारी होने के बावजूद जनपद और तहसील स्तर पर इसका पालन नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से तहसील कार्यालय द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से इन जातियों के लोगों को पिछड़े वर्ग का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है।कार्यकताओं ने तहसील प्रशासन से मांग की कि शासनादेश का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए और नियम विरुद्ध जारी किए जा रहे प्रमाण पत्रों पर तत्काल रोक लगाई जाए।प्रदर्शन के बाद कार्यकताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा और शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

# कैसरगंज तहसील में दिखी एसडीएम की सख़्ती और संवेदनशीलता

## जनसुनवाई में 62 शिकायतें दर्ज, 5 का मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी कैसरगंज ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में कुल 62 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 5 शिकायतों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष शिकायतों को लेकर उप जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित करने के सख़्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विभागवार प्राप्त शिकायतें

राजस्व विभाग - 35
समाज कल्याण विभाग - 2
नगर पंचायत - 1
पुलिस विभाग - 13
विकास विभाग - 9
बिजली विभाग - 2

उप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की स्थलीय जांच कर गुणवत्ता के साथ समाधान किया जाए तथा शिकायतकर्ता को समयबद्ध सूचना भी उपलब्ध कराई जाए।

जनसुनवाई के दौरान तहसील प्रशासन की सक्रियता से फरियादियों में संतोष दिखाई दिया और लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

## संक्षेप

### विराट रूद्र महायज्ञ को 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित

सोनभद्र। चतरा ब्लाक अंतर्गत गिरिया गांव में वृहस्पतिवार को विराट रूद्र महायज्ञ के आयोजन की तैयारियों के क्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया। धर्मध्वज स्थापना के साथ ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। आयोजन से जुड़े संत भिक्षुक भिखारी जंगली दास एवं रमाशंकर गिरी जी महाराज के सान्निध्य में आचार्य देवी प्रसाद पांडेय, सतीश पांडेय, दीपक पांडेय एवं योगेश तिवारी द्वारा विधिविधान से धर्मध्वज की स्थापना कराई गई ।जंगली बाबा ने बताया कि 6 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश स्थापना के पश्चात विराट रूद्र महायज्ञ प्रारंभ होगा।9 मार्च को भगवान शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जबकि 14 मार्च को महायज्ञ की पूणाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा।इस महायज्ञ के मुख्य यजमान प्रवीण मिश्रा, सरिता मिश्रा, कृष्ण कुमार पुजारी एवं प्रभावती देवी हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख रमाकांत पांडेय, आलोक मिश्रा, सुजीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सोनभद्र। नगर के गायत्री भवन उरमौरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन वृहस्पतिवार को अयोध्या धाम से पधारे मनीष शरण जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि जब-जब धर्म की हानि या ग्लानि होती है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धरती पर आते हैं ।महाराज जी ने धर्म की हानि और ग्लानि का अंतर समझाते हुए उदाहरण दिया कि यदि कोई बालक पैसे खो दे तो वह हानि है, लेकिन वही पैसे गलत कार्य में खर्च कर दे तो वह ग्लानि होती है। भगवान दोनों ही परिस्थितियों में धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने शास्त्रीय श्लोकों के माध्यम से बताया कि ब्राह्मण, गौ, देवता और संतों के कल्याण एवं अधर्म के विनाश के लिए ही भगवान मनुष्य रूप में अवतार लेते हैं। कथा के मुख्य यजमान वरिष्ठ अधिवक्ता पवन मिश्र पत्नी सहित सपरिवार कथा श्रवण में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अम्बरीष, नीरज सिंह, विनोद चैबे, पद्माकर द्विवेदी, करुणाकर द्विवेदी, दिनानाथ पांडेय आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सोनभद्र।सदर कोतवाली पुलिस ने आईटी एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान पाण्डु कुमार मण्डल पुत्र अष्टम मण्डल निवासी टिकैली महेशपुर थाना डण्डकोरा जनपद कटिहार (बिहार) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली में पंजीकृत मुकदमा संख्या 1099/2025 धारा 69, 352, 351(3) एवं 67 आईटी एक्ट में वांछित पाण्डु कुमार मण्डल काफी समय से फरार चल रहा था।

### रेड क्रास सोसाइटी की निष्क्रिय कार्यों को सक्रिय करने के निर्देश

सोनभद्र ।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

# पंचायतन शोभायात्रा में जमकर थिरके भक्त गण

## आज मंदिर में विराजमान होंगे भगवान गणेश समेत सभी देवी-देवता

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे क्षेत्र के यमुना तटवर्ती क्षेत्र में स्थापित चांदपुर गांव के गूढेश्वर अखंड धाम परिसर में भगवान शिव पंचायतन मूर्ति स्थापना समारोह बिगत दिवस से प्रारंभ हुआ सभी मूर्तियों का जलाधिवास फलाधिवास पुष्पधिवास इत्यादि कराते हुए वैदिक आचार्य पंडित पारसनाथ दुबे के तत्वावधान में कल भव्य शोभायात्रा निकाली गई अखंड धाम परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान गणेश माता लक्ष्मी माता पार्वती भगवान विष्णु भगवान सूर्य देव तथा नंदी भगवान की मूर्तियां समूचे नगर के मंदिरों तथा मुख्य गलियों में भ्रमण कराई गई बाजे गाजे ढोल नगाड़े के साथ भगवान शिव पंचायतन का रथ संपूर्ण नगर में कौतूहल का केंद्र रहा भारी संख्या में



मौजूद भक्तों ने भक्ति भाव से सराबोर होकर जमकर नृत्य गान किया वही समूचे गांव में जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए महिलाओं ने मूर्ति पूजा करते की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया मंदिर के महंत स्वामी रघुवर नाथ एवं मूर्तियों की स्थापना करने वाले प्रमुख यजमान मुन्नी देवी एवं पति मुन्ना दुबे ने बताया कि आज यज्ञ कार्य संपन्न करते हुए समस्त मूर्तियों को यथा स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा यह विशाल भंडारा प्रातः कल से देर शाम तक चलता रहेगा

# वारंटी अभियुक्त के ऊपर प्रशासन का चला चाबुक

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर




अमौली, फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के कड़े दिशा निर्देशों का पालन करते हुए जगह-जगह पुलिस प्रशासन अपराध पर नियंत्रण हेतु सक्रिय दिखाई दे रही है जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बेहटा खुर्द निवासी 38 वर्षीय वारंटी अभियुक्त छोटे उर्फ अजय कुमार पुत्र सोहन को पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया चांदपुर थाने के उपनिरीक्षक जयप्रकाश तथा आरक्षी धीरज सिंह यादव के सराहनीय प्रयास से गिरफ्तार हुए अभियुक्त के ऊपर अग्रिम कार्रवाई की गई मिली जानकारी के अनुसार वारंटी अभियुक्त के ऊपर थाना चांदपुर में मुकदमा अपराध संख्या 386/2017 तथा धारा 323 504 506 452 394 भा.दं.वि. के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत हुआ था जिसकी जांच के पश्चात अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई

# इंटरमीडिएट के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वेयरफेल पार्टी का हुआ विद्यालय में भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जहानाबाद कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान विकास विद्या मंदिर एजुकेशन सेंटर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा एवं भावनात्मक वातावरण में किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक भोलानाथ उत्तम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के छात्रों का पारंपरिक तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत किया तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। विदाई समारोह में शिक्षक-छात्र के बीच भावुक क्षण का माहौल देखा गया इस अवसर पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने शिक्षकों से आशीर्वाद लेकर अपने अनुभव साझा किए, जिससे कई छात्र-छात्राएं भावुक हो गए। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में लक्ष्य के प्रति सजग रहने की सीख दी ।समारोह के अंत में प्रधानाचार्या विभा मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि–

अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की असली कुंजी हैं। जीवन में कभी भी हार से घबराएं नहीं, बल्कि उसे सफलता की सीढ़ी बनाएं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक गौरव तिवारी, निश्चल श्रीवास्तव, शिवम बाजपेई, अल्का सिंह, कामिनी मिश्रा, खुशी शर्मा, सुदेश भदौरिया, शशिकांत, विमल परिहार, शोभित, मानसी तिवारी, दिलीप, मनतसा, रश्मि मिश्रा, सोनिया राजावत, निर्मित द्विवेदी सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिन कुर्सियों पर बैठे हो उखाड़ दी जाएगी

## मेरठ महापौर ने बीडब्लूडी अधिकारियों को लगाई फटकार, सड़क-नाला निर्माण में देरी होने पर नाराज थे

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , नगर निगम के वार्ड 15 और 38 में लंबे समय से रूके सड़क निर्माण और जलभराव की समस्या को लेकर हुए प्रदर्शन के बाद महापौर हरिकांत आहलुवालिया ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया ।इसके साथ ही उन्होंने बीडब्लूडी के अधिकारियों से कार्य में देरी का कारण पूछते हुए फटकार लगा जल्द कार्य पूरा करने का आदेश दिया। महापौर हरिकांत आहलुवालिया ने बीडब्लूडी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जिन कुर्सियों पर बैठे हो उन्हे उखाड़ दिया जाएगा।काम में देरी आपके कारण होती है और नारेबाजी लोग सरकार के खिलाफ करते हैं। ऐसा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### क्या था पूरा मामला

भोला रोड के वार्ड 15 और वार्ड 38 के रहने वाले हजारों लोगों का कहना है कि लगभग 1 साल पहले से मुख्य सड़क पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी है।इसके साथ ही सड़क टूटने



के कारण वहां रोजाना लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।इसी के विरोध में स्थानीय लोगों ने रास्ता बंद कर भाजपा और स्थानीय नेताओं के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए थे। इसके बाद मेरठ महापौर हरिकांत आहलुवालिया मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर वहीं से संबंधित अधिकारियों से बात की।

### अधिकारियों को सड़क पर घूमना पड़ेगा– महापौर

महापौर ने मौके से ढहऊ के अधिकारियों को फोन कर खूब फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि भले ही आप अधिकारी हो जनता की समस्या जानने के लिए सडकों पर उतरना पड़ेगा। हम भी उनके लिए सड़कों पर आते हैं आपको भी आना पड़ेगा।

### कीचड़ और टूटी सड़कों पर लगे जिंदाबाद के नारे

महापौर के आश्वासन के बाद स्थानीस लोगों और पार्टी कार्यकताओं ने टूटी सड़कों पर हुए जलभराव के बीच ही भाजपा और महापौर जिंदाबाद के नारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि ऐ साल से हमारे बीच कोई ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा

जिस से हम अपनी समस्या बता सकें।

# प्रेरणा दिवस पर होगा खेल, संस्कृति और सेवा का संगम

## मेरठ के शोभित विश्वविद्यालय में तीन दिन भारत समेत 15 देशों के 1000 छात्र-छात्राएं जुटेंगे

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,शोभित विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों के लिए भी समर्पित है। लंबे समय से विश्वविद्यालय अवसर के अभाव में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता आ रहा है, जिसका आधार अंतर विश्वविद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता है।इस बार भी यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के प्रेरणास्त्रोत बाबू विजेंद्र कुमार की जयंती के उपलक्ष्य में खेलकूद महोत्सव के रूप में आयोजित होने जा रही है। 6 फरवरी से शुरू होकर यह खेल महोत्सव 8 फरवरी तक चलेगा, जिसमें भारत समेत 15 देशों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने बुलाई गई प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। बहुराष्ट्रीय और बहुसांस्कृतिक सहभागिता इस खेल महोत्सव को खास बनाती है। 14 देशों के छात्र-छात्राओं के अलावा भारत के 22 राज्यों के विद्यार्थी इसमें प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि अलग अलग संस्कृति और पृष्ठभूमि से जुड़े इन खिलाड़ियों की मौजूदगी विश्वविद्यालय परिसर को एक जीवंत और उत्साहपूर्ण खेल उत्सव का रूप देगी।

### एनसीसी कैडेट्स का मार्च पास्ट बनाएगा आकर्षक

कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने बताया कि 6 फरवरी को महोत्सव का शुभारंभ होगा। मशाल प्रज्ज्वलन के बाद एनसीसी कैडेट्स भव्य मार्च-पास्ट के माध्यम से अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देंगे।

# कौवापुर स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज तराई (बलरामपुर) स्थानीय रेलवे स्टेशन कौवापुर मे इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव न किए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन क्षेत्र के लोग इलाज के लिए लखनऊ जाते हैं। जिनको ट्रेन से यात्रा करने के लिए या तो तुलसीपुर या फिर बलरामपुर जाना पड़ रहा है ।व्यापारियों एवं यात्रियों ने एक बार फिर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक से इंटरसिटी ट्रेन की ठहराव कौवापुर रेलवे स्टेशन पर करने की मांग की है। इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव से तराई क्षेत्र के लगभग 55 गांव की 1 लाख सेअधिक की आबादी के आवागमन के लिए सुविधा होगी। यहां से एक ट्रेन सुबह व एक ट्रेन शाम को पैसेंजर का ठहराव होता है ।जिससे गोंडा एवं लखनऊ के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है। इससे लोगों को असुविधा का




सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल हई, डॉक्टर इमरान, शिव सिंह, रिंकू जायसवाल, संजय गुप्ता, बजरंगी जायसवाल,ने बताया कि बार-बार मांग के बावजूद ट्रेनों का ठहराव न होने से छात्रों, अधिवक्ताओं व व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव की मांग कई वर्षों से की जा रही है। लेकिन अभी तक ट्रेन ठहराव नहीं की गई है।

# स्कूल बस की टक्कर, दो दोस्तों की मौत

## एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास हादसा, 10 फीट दूर जा गिरे; चालक बस छोड़कर फरार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, एक भीषण सड़क हादसा हो गया। खरखौदा मुंडाली मार्ग पर एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास बीआर इंटरनेशनल स्कूल कैली की बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछल कर 10 फीट दूर जा गिरे। बस चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। हादसा खरखौदा थाना क्षेत्र के बिजौली का है। अब जानिए पूरा मामला गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव त्योड़ी निवासी सुहेल (25) पुत्र अंजार अपने दोस्त फैजान (24) पुत्र जब्बार के साथ पैशन प्रो बाइक से अजराड़ा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे बिजौली के पास गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड




पर पहुंचे, सामने से आ रही एक स्कूल बस से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। सुहेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फैजान को मेरठ के सरस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बस की पहचान एक बीआर इंटरनेशनल कैली की बस के रूप में होने की बात सामने आई है। जिगरी दोस्तों की एक साथ बुझी ज़िंदगी परिजनों के अनुसार सुहेल और फैजान बचपन के दोस्त थे। दोनों गांव के राजकीय इंटर कॉलेज में 11वीं कक्षा के छात्र थे और अक्सर साथ ही आते-जाते थे। एक ही बाइक पर निकले दोनों दोस्तों की जिंदगी एक ही पल में खत्म हो गई। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा हुआ है। रोते-बिलखते परिजन बार-बार यही सवाल कर रहे हैं, आखिर हमारे बच्चों की गलती क्या थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खरखौदा से मुंडाली की ओर जा रही बीआर इंटरनेशनल कैली की बस ने बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार दोनों युवक करीब 10 मीटर दूर एक खेत में जा गिरे। बस बाइक को लगभग 50 मीटर तक घसीटती हुई ले गई। दोनों के चेहरे बुरी तरीके से खराब गए थे ।चालक बस छोड़कर मौके से फरार हादसे के तुरंत बाद बस चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# बोर्ड परीक्षाओं को नकल-विहीन कराने हेतु डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



फर्रुखाबाद- आगामी बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल-विहीन ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी फर्रुखाबाद एवं पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ की अध्यक्षता में समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा नकल पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। जिलाधिकारी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संचालन पर जोर देते हुए विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

# खेत की बाड़ में दौड़ रहे करंट ने ली ग्रामीण की जान, परिजनों से मारपीट के बाद तनाव

अमन लेखनी समाचार

फर्रुखाबाद- मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के तारों में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से एक 41 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद जब पीड़ित पक्ष ने शिकायत की, तो आरोपियों द्वारा उनके साथ मारपीट भी की गई, जिससे क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है।

### क्या है पूरा मामला?

ग्राम अर्राह पहाड़पुर के निवासी सर्वेश यादव (41), जो कि अर्राह अवाजपुर सब्जी मंडी में नौकरी करते थे, करीब 7 बजे पैदल अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में मोहल्ला अस्तबल तराई निवासी एकलव्य के खेत के पास से गुजरते समय वह किनारे लगे लोहे के तारों के संपर्क में आ गए। बताया जा रहा है कि खेत मालिक ने सुरक्षा के नाम पर तारों में अवैध रूप से बिजली का करंट छोड़ रखा था। करंट इतना



जोरदार था कि सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई और उनका शव रात भर वहीं पड़ा रहा।

### शिकायत करने पर परिजनों को पीटा

सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी मिली, तो कोहराम मच गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने जब खेत मालिक पर लापरवाही और हत्या का आरोप लगाया, तो दबंग खेत मालिक और उसके साथियों ने परिजनों के साथ ही मारपीट शुरू कर दी।

# मेजर एस.डी. सिंह यूनिवर्सिटी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम, ऑनलाइन ठगी से बचाव पर दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार




फर्रुखाबाद- पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम अभय वर्मा एवं साइबर क्राइम थाना फतेहगढ़ की पुलिस टीम द्वारा मेजर एस.डी. सिंह यूनिवर्सिटी, फर्रुखाबाद में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों एवं महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक अभय वर्मा द्वारा वर्तमान समय में बढ़ रहे ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी कॉल, फेक लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग तथा डिजिटल भुगतान से जुड़े अपराधों की विस्तृत जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि किसी भी अज्ञात कॉल, मैसेज अथवा लिंक पर बिना जांच के क्लिक न करें तथा ओटीपी, पिन एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें साथ ही मजबूत और सुरक्षित पासवर्ड बनाने, नियमित रूप से पासवर्ड बदलने तथा दो-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली अपनाने के संबंध में भी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई साइबर क्राइम थाना फतेहगढ़ की टीम द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने तथा समय रहते सूचना देने के महत्व पर प्रकाश डाला गया

## संक्षेप

### बालू ट्रकों से अवैध वसूली का आरोप, एसडीएम के निर्देश पर जांच शुरू

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा, झांसी। प्रतापपुरा बालू घाट से बालू भरकर ले जा रहे ट्रकों से जिला पंचायत ठेकेदारों द्वारा अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम धनौरा निवासी शिवम सिंह पुत्र भागवत सिंह एवं रामजी परिहार पुत्र हीरासिंह ने उप जिलाधिकारी गरौठा को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। शिकायतकताओं के अनुसार सरकारी दर 100 रुपये प्रति ट्रक निर्धारित है, लेकिन ठेकेदारों के आदमियों द्वारा ट्रक चालकों से जबरन 400 रुपये वसूले जा रहे हैं। बताया गया कि रसीद बुक में 100 रुपये अंकित किया जाता है, जबकि चालकों से 300 रुपये अतिरिक्त अवैध वसूली की जा रही है। कई ट्रक चालकों ने 400 रुपये की लिखी रसीद शिकायतकताओं को सौंपी, जिसे अधिकारियों को सौंपा गया। शिकायत के समय उप जिलाधिकारी गरौठा मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी न्यायिक को दिया गया। उप जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष ककरवई को जांच के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही गई है।

### जिला सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र।जिला सतर्कता समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की, जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित जो भी मुकदमे दर्ज हुए हैं,

# गोपियों के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए भगवान ने की थी माखन चोरी की लीला - देवी महेश्वरी

**श्रीमद्भागवत कथा में भगवान की बाल लीलाओ का किया वर्णन**

**अमन लेखनी समाचार**

गुरसरांय। दिव्य प्रेम सेवा मिशन झांसी अंचल के तत्वावधान में आयोजित बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान भक्ति संगीत से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सदर विधायक झांसी रवि शर्मा की पत्नी सुनीता शर्मा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रगति भी आवश्यक है, ऐसे आयोजन लोगों में सेवा और सद्भाव का संदेश देते हैं। वृन्दावन धाम से पधारीं कथा वाचिका साधना श्रीजी (देवी महेश्वरी) ने नंदोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर नंद बाबा द्वारा दिए गए दान को लोग संभाल नहीं पाए और ब्रज की गलियों में स्वर्ण आभूषण बिखर गए, मानो स्वयं लक्ष्मी जी भगवान के जन्म पर ब्रज की वीथियों में नृत्य कर रही हों। बाल लीलाओं के वर्णन में उन्होंने कहा कि भगवान के घर दूध-दही की कोई कमी नहीं थी, लेकिन ब्रज की गोपियां अपने हाथों से भगवान को माखन खिलाना चाहती थीं, इसलिए भगवान ने गोपियों के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए माखन चोरी लीला को माध्यम बनाया। महोत्सव में श्री विष्णु महायज्ञ भी यज्ञाचार्य ज्ञानेन्द्र शास्त्री (अयोध्या) के सानिध्य में कराया जा रहा है। पांचवें दिन सांसद अनुराग शर्मा, सुनीता शर्मा, क्षेत्रीय विधायक जवाहर लाल राजपूत, श्याम सिंह गौतम, प्रदीप सरावगी, दुष्यंत सिंह (हमीरपुर), सुरेन्द्र व्यास सहित अन्य अतिथियों ने व्यास पीठ पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भागवत कथा के यजमान संध्या जितेन्द्र सिंह परिहार रहे। श्रीमद्भागवत कथा की आरती कर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में शिवेंद्र प्रताप सिंह शैली, उदयभान भगत जी, उदय किरण मिश्रा, रामाधार पाठक, नेहिल सिंघई, करन सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह, राहुल सिंह परमार, अनिल तिवारी (पूर्व प्रधान जखौरा), आशीष पांडे, जगभान यादव, डॉ. रमेश चंद्र बुधौलिया, पवन तिवारी, सरजू शरण पाठक, हेमंत यादव कचीर, मनीष दीक्षित, सुनील चौबे, सौरभ स्वामी शामिल रहे। इस अवसर पर सितार वादक पं. सरजू शरण पाठक, राजू कछवाह (धनौरा), अमित प्रताप भदौरिया, जाहर सिंह पटेल, मनीष यादव (सेमरी), रामसिंह पटेल, मानवेन्द्र सिंह (माना प्रधान), नाती राजा भदौरिया, चन्द्रभान सिंह (ब्लाक प्रमुख बामौर), पप्पू पुरैनियां, अज्जू पटेल, संजय गुप्ता, सुरेश पटेल, विजय सिंह (अस्ता), अंकित प्रताप सिंह सेंगर, अमित प्रताप सिंह सेंगर, संजीव पटैरिया, सोनू विश्वकर्मा, अभिषेक तिवारी, पुल्ले दाऊ, अभिनव मिश्रा, अभिषेक प्रताप सिंह परिहार, कृष्णा ठाकुर, श्रीराम विश्वकर्मा, एम. एस. गौर, मोनू महाराज, रामप्रकाश सिंह चौहान, बबलू चौहान, योगेश प्रताप सिंह चौहान, कल्याण सिंह, विजय त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह, रितिक सिंह, सुयश प्रताप सिंह चौहान, गोल्डी चंदेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम के संयोजक डा. जगदीश सिंह चौहान एवं अपर्णा वीरांगना (राष्ट्रीय संयोजक मातृ शक्ति) ने किया तथा संचालन झांसी अंचल के सह संयोजक बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने किया।

# गरौठाः समाधान दिवस में 80 शिकायतें मिलीं, दो का हुआ निस्तारण

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का हुआ आयोजन**

**अमन लेखनी समाचार**




गरौठा (झांसी)। तहसील गरौठा परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 80 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक 45 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा पुलिस विभाग से 9, विकास विभाग से 6 तथा अन्य विभागों से 20 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने शेष लंबित शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए उनके शीघ्र, पारदर्शी एवं न्यायपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में किसान यूनियन एवं भूमि अधिग्रहण से असंतुष्ट किसानों ने भी अपनी समस्याओं को लेकर अलग से शिकायती पत्र सौंपे। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर समयबद्ध समाधान किया जाए, जिससे लोगों को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा देवेन्द्र नाथ सहित जिला स्तर के कई अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही गरौठा, गुरसराय, एरच, ककरबई व लहचूरा के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा बिजली विभाग, जल निगम, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग तथा विकास विभाग के अधिकारी भी समाधान दिवस में उपस्थित रहे।

# हरदोई स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर अभद्रता और मारपीट का आरोप, पूर्व सैनिक के घर में घुसकर महिलाओं से बदसलूकी...

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई में माधोगंज थाना क्षेत्र के रुदामऊ गांव में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर गंभीर आरोप सामने आए हैं।आरोप है कि मीटर लगाने पहुंचे कुछ युवक एक पूर्व सैनिक के घर में जबरन घुस आए और महिलाओं के साथ अभद्रता व मारपीट की।पीड़ित परिवार के अनुसार, मीटर लगाने से मना करने पर आरोपियों ने 500 की अवैध मांग की।इनकार करने पर गाली-गलौज करते हुए महिलाओं और बुजुर्गों को बिजली के तार से पीटा गया,जिससे कई लोग घायल हो गए... घटना का वीडियो वायरल होने के बाद गांव में आक्रोश फैल गया है।पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है.

## लापरवाह दरोगा हुआ निलंबित

अमन लेखनी समाचार

हरदोई एसपी अशोक कुमार मीणा ने की बड़ी कार्यवाही, कछौना थाने में तैनात दरोगा अजय भारती को किया निलंबित, एसपी श्री मीणा ने थाने में पंजीकृत एक अभियोग में अपहृता/पीड़िता की बरामदगी व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु कोई सार्थक प्रयास न कर विवेचना को अनावश्यक रूप से लंबित रखते हुए निस्तारण में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से किया निलंबित, एसपी ने निलंबित किए गए दरोगा पर विभागीय जांच भी बिठाई, एसपी अशोक कुमार मीणा ने कहा कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति उदासीनता और शिथिलता न बरते वर्ना कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी

# पत्रकार के उत्पीड़न पर हाईकोर्ट ने एसपी हरदोई को लगाई फटकार

**पत्रकार पर फर्जी ईनाम घोषित कर एनकाउंटर की थी तैयारी**

**अमन लेखनी समाचार**




हरदोई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने हरदोई के एसपी को कड़ी फटकार लगाई है, हाईकोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि दिमाग खोलकर काम करें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। कोर्ट ने यह वार्निंग हरदोई पुलिस के एक ऐसे कारनामें पर जारी की है, जिसने कानून का खुला दुरपयोग किया गया है। दरअसल हरदोई के पत्रकार हरिश्याम बाजपेयी को वर्ष 2022 में कथित रूप से एक फर्जी केस में फंसा दिया गया था, जिसमें वे वर्ष 2024 से नियमित जमानत पर हैं, और प्रत्येक पेशी पर न्यायालय में स्वयं उपस्थित हो रहे हैं, बावजूद इसके हरदोई एसपी ने पत्रकार को केस में फरार बताते हुए वर्ष 2025 में 05 हजार का ईनाम घोषित कर दिया, जिसमें एनकाउंटर की भी लिखित रूप से धमकी दी गई, इसमें सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगाकर न केवल पुलिस अधीक्षक को ही गुमराह किया बल्कि राज्य मानवाधिकार आयोग में भी अपनी फर्जी आख्या प्रेषित कर दी। हालांकि आयोग में मामला अभी विचाराधीन है, किंतु हाईकोर्ट में वादी के विद्वान अधिवक्ता तैफीक सिद्दीकी ने हरदोई पुलिस द्वारा कानून के खुला दुरपयोग करने पर मजबूती से बहस की और उच्च न्यायालय के उस आदेश का उलंघन बताया जिसके आधार पर पत्रकार को जमानत मिली है। हाईकोर्ट की जस्टिस बबिता रानी व मो. अब्दुल मोईन ने उक्त मामले की सुनवाई करते हुए हरदोई पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। पुलिस को चेतावनी दी गई कि अपना दिमाग खोलकर काम करें भविष्य में पत्रकार के साथ कोई भी घटना होती है तो कानून के अनुसार पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में वादी पत्रकार के अधिवक्ता ने यूपी के अपर मुख्य सचिव गृह, डीजीपी, एडीजी लखनऊ जोन, आईजी लखनऊ जोन, डीएम हरदोई एसपी, सीओ, एसएचओ, व चौकी इंचार्ज रेलवेगंज को पार्टी बनाया था।

# महालक्ष्मी माता की मूर्ति की हुई स्थापना

**अमन लेखनी समाचार**

माधौगंज, हरदोई विकास खंड की ग्राम पंचायत मोहद्दीनपुर नई बस्ती के इटिया देवी सर्री बाबा देवधाम के प्रांगण में स्थित महालक्ष्मी माता मूर्ति स्थापना की छठवीं वर्षगांठ पर हवन पूजन के साथ बूंदी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां महालक्ष्मी जी की दिव्य मूर्ति स्थापना व लोकार्पण कार्यक्रम 7 फरवरी 2019 को सम्पन्न हुआ था। मां लक्ष्मी जी मूर्ति स्थापना की छठवीं वर्षगांठ के स्मृति दिवस पर पं अंजनी शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण से भिठाई निवासी गंगाराम आर्य व उनकी धर्मपत्नी गुड्डी देवी से विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन करवाया। उन्होंने संगीत कुमार के अलावा पुजारी राजेन्द्र प्रसाद, रामदास वर्मा, सिद्धनाथ, गोपीचरन, कुसुमा से विश्व कल्याण की कामना के निमित्त हवनकुंड में आहुतियां डलवाई। इस दौरान उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बुराईयों से दूर रहने के प्रति इंगित करते हुए प्रत्येक से एक - एक अवगुण त्यागने का संकल्प कराया।और एक दूसरे से ईर्ष्या, नफरत, भेदभाव को त्याग कर सभी के प्रति सच्ची सहानुभूति रखने पर जोर दिया। महालक्ष्मी माता के दिव्य रूप व चमत्कारी शक्तियों से प्रेरित सच्ची भक्तिभावना व अटूट आस्था से जुड़े रामदास वर्मा, सिद्धनाथ वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, रामशंकर, संतराम, संदीप कुमार, सौरभ कुमार, गोपीचरन कनौजिया, सुखबासी लाल, संगीत कुमार, शैलेन्द्र कुमार, कुसुमा, शालूरानी आदि लोग मौजूद मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामनरेश आर्य ने सभी के सुख समृद्धि स्वस्थ निरोगी एवं खुशहाल जीवन की कामना करते हुए आभार बक्त किया।


# क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, यातायात नियम एवं पुलिस हेल्पलाइन के प्रति किया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार द्वारा थाना ओबरा क्षेत्रान्तर्गत स्थित छात्र-छात्राओं को पुलिस सहायता से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराधों से बचाव एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा बच्चों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु 1090/1091, तथा साइबर अपराध से संबंधित शिकायत के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर एवं ट्टी१ॅ१ीॅ.ङ्क५.ल्ल पोर्टल का किस प्रकार उपयोग किया जाए। बच्चों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने तथा संदिग्ध लिंक से बचने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट, जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों को बताया गया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़े हादसों से बचा जा सकता है। क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक, सतर्क एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे तथा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियानों की सराहना की गई।

# अनपरा की साइबर टीम द्वारा आवेदक की फ्राड हुई धनराशि में से 5,000/- रुपये उसके मूल खाते में कराया गया वापस



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। आवेदक राजा कुमार पाल पुत्र चुन्नी पाल, निवासी रेहता, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर कुल 13,73,508/- रुपये की साइबर ठगी की गई थी। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा ठउफढ पोर्टल का अवलोकन करते हुए आवेदक की फ्राड हुई कुल धनराशि में से 2,22,481.10/- रुपये को संबंधित खातों में होल्ड कराया गया। ठउफढ पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंक शाखाओं से ई-मेल पत्राचार के माध्यम से होल्ड धनराशि में से 5,000/- रुपये को आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया। शेष होल्ड धनराशि को भी आवेदक के खाते में वापस कराए जाने हेतु संबंधित बैंकों से निरंतर पत्राचार किया जा रहा है।

# भाजपा पर साजिश रच वोट चोरी के प्रयास का आरोप

**वोट चोरी के मुद्दे पर सपा नेताओं ने उपजिलाधिकारी से मिलकर सौंपा ज्ञापन।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र।पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण (रकफ) का पहला चरण समाप्त हो चुका है, और दूसरे चरण की अंतिम तिथि भी आज है।इसी बीच एक गंभीर मामला सामने आया है, जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जनता के साथ साजिश रचने और सीधे तौर पर वोट चोरी का प्रयास करने का आरोप लगा है। इसी को लेकर सपा के नेतायो ने उप जिलाअधिकारी से मिल कर मामले से अवगत कराया और ज्ञापन देकर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। अविनाश कुशवाहा के अनुसार, भाजपा की मानसिकता इस स्तर तक गिर चुकी है कि अब फर्जी नामों से लोगों की शिकायतें कराई जा रही हैं। भाजपा के पदाधिकारी और कुछ प्रभावशाली लोग बूथ लेवल ऑफिसर (इछड) पर दबाव बनाकर विपक्ष के मतदाताओं के नाम कटवाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए पहले से छपे हुए फॉर्म दिए जा रहे हैं जिनके माध्यम से घर-घर जाकर लोगों पर विपक्ष के वोटरों के नाम काटने का दबाव बनाया जा रहा है। इस पूरे मामले को समाजवादी पार्टी के साथी प्रमोद यादव ने उजागर किया था। आरोप है कि हर बूथ पर भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा बीएलओ पर भारी दबाव बनाया जा रहा है। कई मामलों में तो जीवित लोगों को मृत दिखाकर उनके घरों पर नोटिस भेजे गए हैं, जिसे लोकतंत्र को कमजोर करने वाली एक गंभीर साजिश बताया गया है।समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि इस तरह की फर्जी सूचनाएं देने वालों पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। पार्टी का कहना है कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर जनता का विश्वास बना रहे और निष्पक्ष चुनाव संभव हो सकें। पार्टी ने यह भी कहा कि जिस तरह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा में वोट चोरी और गाड़ियों से जुड़े मामलों को उठाया है, उसी तरह विधानसभा स्तर पर भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी, तो बूथ-बूथ जाकर संघर्ष किया जाएगा ताकि प्रत्येक वोटर का नाम बचाया जा सके। समाजवादी पार्टी के सभी सम्मानित साथी लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और जनता के बीच सच्चाई बता रहे हैं।

# मंडलायुक्त कलेक्ट्रेट पर सख्त प्रशासनिक निरीक्षण, एक-एक फाइल खोलकर की गहन जांच

**पीएफझ्रएनपीएस, कृषि बीमा, भूलेख, शस्त्र, नजारत सहित सभी विभागों की कार्यप्रणाली खंगाली, प्रक्रिया समझ कर दिए स्पष्ट निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर।पर्यटन भवन स्थित कलेक्ट्रेट परिसर उस समय पूरी तरह प्रशासनिक हलचल का केंद्र बन गया, जब मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिले के सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालय का व्यापक, सघन और बिना किसी औपचारिकता के निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने स्पष्ट संदेश दिया कि निरीक्षण केवल नाममात्र का नहीं होगा, बल्कि हर विभाग की एक-एक फाइल खोलकर बारीकी से जांच की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा, अपर आयुक्त जय प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सहदेव मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा तथा सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को साथ लेकर विभाग दर विभाग निरीक्षण किया और कार्यप्रणाली पर सीधी नजर डाली। मंडलायुक्त ने भूलेख, कृषि बीमा भुगतान शाखा, संयुक्त कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, नजारत आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, निर्वाचन अभिलेखागार, लेखा एवं कोषागार समन्वय शाखा, आपूर्ति विभाग (खाद्य एवं रसद), समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, स्थापना अनुभाग, प्रोटोकॉल अनुभाग और शिकायत प्रकोष्ठ/जनसुनवाई शाखा की भी विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने फाइलों की अद्यतन स्थिति, लंबित प्रकरणों, आदेशों के अनुपालन और दस्तावेजों की गुणवत्ता को स्वयं परखा। पीएफझ्रएनपीएस फाइलों की बारीकी से जांच, कर्मचारियों के हित पर जोर पीएफ और एनपीएस से संबंधित फाइलों की जांच करते हुए मंडलायुक्त ने अंशदान, कटौती, ऑनलाइन अपडेट और भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तकनीकी खामियों या लापरवाही के कारण किसी भी कर्मचारी का आर्थिक हित प्रभावित नहीं होना चाहिए। लंबित प्रकरणों की सूची बनाकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। कृषि बीमा भुगतान की पूरी प्रक्रिया समझी, भूलेख से जानकारी लेकर किया सत्यापन कृषि बीमा भुगतान को लेकर मंडलायुक्त ने विशेष गंभीरता दिखाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से यह स्पष्ट रूप से जाना कि कृषि बीमा भुगतान की मांग किस प्रक्रिया से शासन तक पहुंचती है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि बीमा भुगतान से पहले भूलेख विभाग से किसानों के खातों, खतौनी, भूमि विवरण और पात्रता का सत्यापन किया जाता है। मंडलायुक्त ने स्वयं भूलेख शाखा से जानकारी लेकर यह देखा कि भूमि अभिलेखों का मिलान किस प्रकार किया जाता है।


# जनगणना की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जनगणना की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी जनगणना कार्य को पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपादित किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य से जुड़े सभी मास्टर ट्रेनर एवं गणना में लगाए जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न आए। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल जनगणना के सफल क्रियान्वयन के लिए तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा उपकरणों की अग्रिम जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार कर सभी संबंधितों को समय रहते सूचित किया जाए, जिससे प्रत्येक कार्मिक को ऐप एवं सॉफ्टवेयर के उपयोग की पूर्ण जानकारी हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य हेतु एक अलग कक्ष स्थापित किए जाने के निर्देश भी दिए, जिससे जनगणना से संबंधित व्यय एवं संसाधनों का समुचित प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण कर लें।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
**मो. - 9838159555, 9935457982**
**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।

## लाइफ Style



# यामी धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर'2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नही करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नही है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।



# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा'स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे।'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

## टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...



**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।

## क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स मे रिलीज हुई। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने मे दिलचस्पी नही है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*

### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करू 2' भी इस वीक की लिस्ट मे शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिस्परर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकेयन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

